हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

11 मार्च, 1992

खण्ड 1, अंक 3

अधिकृत विवरण

विशय सूची

बुधवार, 11 मार्च, 1992

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उत्तर	(3)1
सदस्य का नाम लेना/निकालना	(3)18
तारांकित प्र न एवं उत्तर (पुररारम्भ)	(3)19
नियम 121 के अधीन प्रस्ताव– कमेटियों के सदस्यों को नामजद करने के लिये अध्यक्ष महोदय को प्राधिकार देने संबंधी	(3)25
जनता पार्टी के सदस्यों के निलम्बन सम्बन्धी मामला	(3)26
विभिन्न विशयों का उठाया जाना	(3)32
दैनिक ट्रिब्यून, रोहतक के संवाददाता, श्री सतपाल सैनी का अपमान किये जाने संबंधी मामला	(3)34
वक्तव्य– मुख्य मन्त्री द्वारा उपर्युक्त विशय संबंधी	(3)34
राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)35

वैयक्तिक स्पश्टीकरण– (i) श्रम तथा रोजगार राज्य मंत्री (श्री कृश्ण मूर्ति हुड्डा) द्वारा	(3)64
(ii) श्री बंसी लाल द्वारा	(3)65
राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)66
बैठक का समय बढ़ाना	(3)77
राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)78
वैयक्तिक स्पश्टीकरण– श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा	(3)94
राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)97

हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 11 मार्च, 1992

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (चौधरी ई वर सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, अब सवाल होंगे।

Provision of Drinking water facility in each village in the State

***242. Shri Kitab Singh:** Will the Minister for Public Health be pleased to state-

(a) whether there i any proposal under consideration of the Govt. to provide drinking water facility in each village of the State; and

(b) if so, the time by which the aforesaid drinking water facility is likely to be provided?

Public Health Minister (Chaudhri) Jagdish Nehra):

(a) Yes.

(b) By 31st March, 1992.

श्री किताब सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि ये गोहाना सब–डिवीजन के किसी एक गांव का नाम बता दें जहां पर पीने के पानी की सुविधा सरकार ने दे रखी हो?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, इनका यह कहना बिल्कुल गल्त है कि गोहाना तहसील के किसी एक भी गांव में पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इन के हल्के के जितने भी गांव हैं उनमें हमने पहले ही मीठा पानी सप्लाई कर रखा है और जहां तक वाटर वर्कस की सुविधाएं न होने का सवाल है, वे हम चालू करने जा रहे हैं।

श्री किताब सिंहः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा कि जहां पर वाटर वर्कस नहीं वहां ये वाटर वर्कस लगाने की व्यवस्था करने जा रहे हैं लेकिन मैं उन से यह जानना चाहता हूं कि गोहाना तहसील का एक गांव भी ये बात दे जहां कि स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था सरकार की ओर से की गई हो?

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, इनके कहने का भाव यह है कि इनके हल्के में पानी की कमी है। इसके कई कारण हैं। एक बड़ा कारण तो यह है कि जितना पानी लोगों को चाहिए, उनकी जरूरत के अनुसार वह मिल नहीं रहा है। दूसरा पानी कम मिलने का कारण पापुले ान का बढ़ना है। बहुत से स्टैण्ड पोस्ट लगे हुए हैं और कई जगहों पर तो अन–अथोराइजड

स्टैण्ड पोस्ट भी लोगों ने अपने घरों में लगा रखे हैं जिसकी वजह से पानी की कमी है। इस समय पर–व्यक्ति पर–डे 20 लिटर पानी की सप्लाई है लेकिन हम आठवीं पंचवर्शीय योजना के दौरान इस को बढ़ाकर 40 लिटर पर–व्यक्ति पर–डे करने जा रहे हैं।

श्रीमती चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, अभी मन्त्री महोदय ने अपने जवाब में बताया कि पापुले ान के बढ़ जाने से कहीं–कहीं पानी की कमी हुई है। भिवानी जिले के बहुत सारे गांवों में पानी की बहुत किल्लत है और वहां पर 15–20 योजनाएं भी बनी हुई हैं लेकिन अभी तक पीने के पानी की किल्लत है। स्पीकर साहब, एक बुढ़ेरा गांव लोहारू में है, वहां पानी बिल्कुल खारा है और स्वच्छ पानी का कोई प्रबन्ध नहीं है। क्या सरकार इन योजनाओं को रिवाईव करके पीने के स्वच्छ पानी की सुविधा लोगों को मुहैया करेगी?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, बहिन जी ने ठीक कहा कि भिवानी के अन्दर कई जगहों पर इस तरह की प्रोबलम्ज हैं। इसका कारण यह है कि भिवानी जिले में बहुत बड़ी बड़ी स्कीमें हैं। कहीं 25 गांव की स्कीम है, कहीं 29 और कहीं 35 गांव की स्कीम है जिनमें पापुले ान बढ़ने की वजह से पानी की कमी है। उनको हम अलग से औगमेन्टे ान स्कीम के तहत बूस्ट स्टे ान लगाकर पानी की सप्लाई का प्रबन्ध कर रहे हैं। इसके इलावा हम अलग से इन स्कीमों के जपेन्ज बना रहे हैं। फर्ज करो कि एक 15 गांव की स्कीम है उसको हम तीन जगहों पर

पांच–पांच गांव के जोन्ज बना रहे हैं ताकि जल्दी से लोगों को पानी पहुंचाया जा सके। आठवीं पंचवर्शीय योजना के दौरान हम बहुत से गांवों को औगमैंन्ट कर रहे हैं। इस तरह से इन स्कीमों के तहत सभी को पीने का स्वच्छ पानी मिलेगा और स्कीमें सुचारू रूप से चलती रहेंगी।

श्री राम पाल सिंह कंवरः अध्यक्ष महोदय, अभी मन्त्री महोदय ने बताया कि हम पांच–पांच गांव की जोन्ज के हिसाब से स्कीम्ज बना रहे हैं। मैं उनके नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि मेरे हल्के में स्कीम्ज बनाई गई हैं उन के तहत पांच–छः गांव आते हैं लेकिन उन गांवों में वाटर सप्लाई की कमी है क्योंकि कहीं तो पानी का प्रै ार कम है या है ही नहीं। कहीं पाईप लाईन टूटी हुई है और उनको ऊंचे गांव से मिला दिया गया है। पानी का प्रै ान न होने की वजह से पानी लोगों तक जा नहीं रहा है। इसलिये मैं आपके माध्यम से इन से यह जानना चाहता हूं कि जिन–जिन गांवों में प्रै ार की कमी के कारण पानी नहीं जा रहा है, वहां सरकार क्या पग उठाने जा रही है? दूसरा सवाल मेरा यह है कि एक सालवन गांव है, वहां पर पांच साल से ट्यूबवैल लगा हुआ है लेकिन उसको आगे वाटर सप्लाई के लिए यूज नहीं किया गया है। उसको कब तक चालू कर दिया जाएगा?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, इनके सवाल का यही जवाब है कि जहां गांवों में पानी कम पहुंचता है वहां हम बूस्टिंग स्टे ान ऐटथ फाइव इयर प्लान में लगाने जा रहे हैं।

हमारा 20 लिटर प्रति व्यक्ति दिन से बढ़ा कर 40 लिटर पानी देने का भी प्रोग्राम है और जो ट्यूबवैल काम नहीं कर रहा है उसको हम 31 मार्च तक चालू कर देंगे।

श्री राजेन्द्र सिंह बिसलाः अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र में पीने के पानी की कई स्कीमें हैं लेकिन उनके कई ट्यूबवैल्ज फेल हो गए हैं। वाटर सप्लाई के 4–5 ट्यूबवैल्ज का नीचे का पानी सरकार की लैबोरेटरी से टैस्ट करवाया गया था। उसकी रिपोर्ट आई है कि the water is not fit for human consumption इस तरह के 4–5 ट्यूबवैल्ज फेल हुए हैं। मैं जानना चाहूंगा कि ऐसे पानी का लोग इस्तेमाल कर रहे हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। क्या मन्त्री महोदय ऐसी स्कीमों को दोबारा बनाने के लिए प्राथमिकता देंगे?

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने जो कहा, वह ठीक हो सकता है क्योंकि फरीदाबाद और गुड़गांव में पानी में फलोराइड ज्यादा है। उससे दांतों और हड्डी में नुक्स पड़ जाता है। हमने गांव–गांव में 5–6 जगह इसके ट्रीटमैंट प्लांट लगाए हैं। जिन गांवों के बारे में इन्होंने बताया है, उनमें हम चैक करवा लेंगे। यदि वहां पर पानी मे फलोराइड या दूसरा कैमिकल है तो उसको टैस्ट करवाने के बाद ठीक करेंगे।

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, मैं मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि अर्बन एरियाज में पर–व्यक्ति पर–दिन कितने लिटर

पानी दिया जाता है और रूरल एरियाज में कितना दिया जाता है? दूसरा मेरा सवाल यह है कि एक गांव में 50 नलके लगे हुए हैं उनमें से 20 में तो पानी आता है और 30 में नहीं आता। सभी नलों में पानी आए इसकी व्यवस्था कब तक की जाएगी? आम तौर पर जो हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज की बस्तियां हैं, उनमें पानी नहीं आता वहां पर नल जरूर लगे हुए हैं।

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा सवाल किया है। जैसे मैंने पहले बताया कि गांव में प्रति–व्यक्ति प्रति–दिन 20 लिटर पानी दिया जाता है। इसी तरह से भाहरों में 110 लिटर पानी दिया जाता है। अब एटथ फाइव ईयर प्लान में हम 20 लिटर को 40 लिटर करने जा रहे हैं और भाहरों में 110 लिटर से और बढ़ाने जा रहे हैं। दूसरा सवाल इनको नलकों में पानी न आने के बारे में था। अब का नौर्म यह है कि 250 आदमियों के पीछे एक नलका लगाने का प्रावधान है जिससे प्रति व्यक्ति प्रति दिन 20 लिटर पानी देते हैं। अगले प्लान में हम यह इन्तजाम कर रहे हैं कि नलकों की संख्या भी बढ़ाए और लोगों को पानी भी ज्यादा मिले।

श्री धर्मपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, जहां–जहां पर आज से 10 या 15 साल पहले से वाटर सप्लाई स्कीम चल रही है उनके पम्प और मोटर पिछले 6 महीने से खराब पड़े हुए हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उन पम्प और मोटरों को कब तक ठीक करवाने का इरादा है? इसके अलावा मैं यह भी

जानना चाहता हूं कि जो 40 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से पानी दिया जाएगा क्या वह वर्तमान आबादी के मुताबिक दिया जाएगा या 15 साल पहले की आबादी के हिसाब से दिया जाएगा।

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, हम मौजूदा आबादी के मुताबिक 40 लिटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से पीने का पानी देने की व्यवस्था करेंगे। माननीय सदस्य ने कल गवर्नर साहब के अभिभाशण पर बोलते हुए कहा था कि इनके हल्के में एक भागे वरी गांव में वाटर सप्लाई स्कीम है जिससे केवल आधा–आधा घंटा पानी सप्लाई होता है। मैंने इस बारे में कल ही रिपोर्ट मंगवाई है और उस वाटर सप्लाई स्कीम के ऐक्सीयन यहां आए हुए हैं। उन्होंने मुझे बताया है कि भागे वरी वाटर सप्लाई स्कीम में 13 गांव का ग्रुप है और उन 13 गांवों के जौन बना दिए गए हैं और हर जौन को एक एक घंटा पानी देने की व्यवस्था करेंगे।

श्री सूरजमलः स्पीकर साहब, बराही गांव में आज भी पीने का पानी 3 रुपए टीन के हिसाब से बिक रहा है। बराही गांव में हर रोज 200–300 टीन पानी बाहर से आता है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या बराही में वाटर सप्लाई के लिए दूसरी पानी की डिग्गी बनाने की व्यवस्था की जाएगी ताकि वहां पर पानी पूरी मात्रा में उपलब्ध हो सके?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने इस बारे में कल भी मुझे बताया था कि बराही गांव में लोगों को पीने के पानी की दिक्कत है। मैंने कल वहां के ऐक्सीयन से टैलीफोन पर बात की थी कि उस गांव में पीने के पानी की दिक्कत है उसको दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि बराही गांव की वाटर सप्लाई स्कीम की एक डिग्गी खराब है और एक डिग्गी फंक ानल है। जो डिग्गी खराब है, उसको ठीक कराने की व्यवस्था करेंगे।

श्री हरि सिंह नलवाः स्पीकर साहब, हरियाणा की सभी वाटर सप्लाई स्कीमों पर ट्यूबवैल आप्रेटर्ज टैम्पोरेरी बेसिज पर लगे हुए हैं और उनको एक, दो या तीन महीने के बाद हटा दिया जाता है इसलिये ट्यूबवैल आप्रेटर जिम्मेदारी के साथ अपना काम नहीं करते हैं। इसके अलावा बड़े–बड़े गांवों में हरिजन और बैकवर्ड क्लासिज की बस्तियों में पानी का प्रै ार नहीं जाता है जिसके कारण उन बस्तियों के लोगों को पूरी मात्रा में पीने का पानी नहीं मिलता है। मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या ट्यूबवैल आप्रेटर्ज और माली को परमानैंट किया जाएगा ताकि वह जिम्मेदारी के साथ अपना काम करें? यदि ट्यूबवैल आप्रेटर्ज को परमानैंट कर दिया जाए तो वह पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना काम करेंगे और अपने आफिसर्ज को रिपोर्ट भी करेंगे कि वाटर सप्लाई स्कीम का काम ठीक चल रहा है या फलां खराबी है। यदि वह ठीक काम नहीं करेंगे तो उनके

अगेंस्ट ऐक ान भी लिया जा सकेगा। इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या सरकार या मन्त्री जी ऐसा कोई आर्डर करेंगे कि वहां चण्डीगढ़ में इस महकमे के जो आफिसर्ज बैठते हैं, वे भी वक्तन फक्तन बाहर सप्लाई स्कीमों को जा कर चैक करें और वाटर सप्लाई स्कीमों की वर्किंग को देखें। यदि वहां के औफिसर्ज वाटर सप्लाई स्कीमों को कम से कम एक महीने मे एक बार टैस्ट करेंगे तो वाटर सप्लाई स्कीमों का काम ठीक चलेगा और लोगों को पीने के पानी की पूरी सुविधा मिल सकेगी।

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, नलवा साहब ने बहुत अच्छा सवाल किया है। माननीय सदस्य की यह बात ठीक है कि वाटर सप्लाई स्कीमों पर जो ट्यूबवैल आप्रेटर्ज लगाए जाते हैं वे डेलीवेजिज पर होते हैं इसलिये वे पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना काम नहीं करते हैं। इसके अलावा उनको बार बार हटा भी दिया जाता है। 8वीं पंच–वर्शीय योजना में ट्यूबवैल आप्रेटर्ज की पोस्ट को परमानैंट करने की व्यवस्था कर रहे हैं ताकि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना काम करें और लोगों को पीने का पानी पूरी मात्रा में उपलब्ध हो सके।

हमने यह भी स्कीम बनाई है कि इसी महीने की 14 तारीख को मैं और कमि नर साहब वाटर सप्लाई स्कीमों को मौके पर जा कर देखेंगे कि वहां पर ठीक ढंग से वाटर सप्लाई हो रही है या नहीं। इसके अलावा मैम्बर साहेबान खुद भी वाटर

सप्लाई स्कीमों को चैक किया करें ताकि उनकी वर्किंक ठीक हो सके।

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, क्या सरकार के नोटिस में यह बात है कि भिवानी जिले में बापोड़ा एक बहुत बड़ा गांव है और उस गांव में वाटर सप्लाई स्कीम है जिसका 70–80 गांवों को पानी जाता है? उस वाटर सप्लाई स्कीम के रिजरवायर के जो टैंक हैं, उनमें इतनी मिट्टी भर गई है कि अब उनकी कैपेसिटी 50 परसैंट ही रह गई है और 15–15 दिनों तक गांवों में पीने का पानी नहीं जाता। क्या लोगों को यह इमीजिएट प्रोब्लम सरकार के नोटिस में आई है या नहीं? अगर नोटिस में आई है तो इस समस्या को कब तक ठीक कर दिया जायेगा?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, जो बात इन्होंने कही है, वह कुछ हद तक ठीक है। इसलिये मैं इनकी जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि बापोड़ा गांव की जो स्कीम है वह 40–50 गांवों की है और उनकी सफाई आदि काफी दिनों से ठीक तरह से नहीं हो पाई है। वहां पर अब पूरा पानी न जाने का एक कारण यह भी है कि जब ये स्वयं मुख्य मंत्री थे तो ये उस समय दूसरे लोगों का भोयर काट कर भिवानी पानी ले जाते थे। अब चूंकि वह दूसरों का भोयर नहीं जा रहा और जो पानी वहां पर जाना चाहिये वहीं दिया जा रहा है इसलिये पहले की अपेक्षा वहां पर पानी कम जा रहा है। मेरे कहने का मतलब यह है कि भिवानी को पानी का जितना भोयर मिलना चाहिये वही जा रहा

है। हम कोि ा ा कर रहे हैं कि जो बड़े–बड़े गांव की स्कीम्ज हैं, उनको औगमैंटे ान के जरिए पानी दें। मैं सदन की जानकारी के लिये यह भी बताना चाहता हूं कि आठवीं योजना में बड़े–2 गांवों में औगमैंटे ान बूस्टिंग स्टे ान लगाने की योजना है।

श्री बंसी लालः स्पीकर साहब, मैं स्पश्ट तौर पर कहना चाहता हूं कि मैं किसी का पानी काट कर भिवानी के लिए नहीं ले करके गया। मैं नेहरा साहब की तरह नहीं करता कि बाग के लिये फर्जी नाम से दूसरों के हक का पानी अपने लिये इस्तेमाल करूं। स्टेट में हरेक को पानी का बराबर का पूरा अधिकार है। अगर आप इस तरह की बात करोगे कि मैं किसी का भोयर काट कर भिवानी जिले को देता था, जो कि मैंने कभी भी नहीं काटा, तो फिर मुझे भी आपके बारे में पूरी बातें बतानी पड़ेंगी।

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, इनको ऐसा कहना भाोभा नहीं देता कि इन्होंने कभी भी किसी का हक नहीं मारा। (विध्न) जब आप मुख्य मन्त्री थे तो आपने किस कसि का हक मारा है यह तो हरियाणा की सारी जनता जानती है।

श्रीमती चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, जो सवाल मैं पूछ रही हूं वह दूसरे विभाग से संबंधित है। लेकिन चूंकि पानी का सवाल है इसलिये मैं मुख्यमन्त्री महोदय से जानना चाहती हूं कि क्या यह तथ्य सही नहीं है कि भिवानी जिले की नहरों में 230

क्यूसिक पानी कम जा रही है। यह मामला हमने कश्ट निवारण कमेटी में भी उठाया था।

चौधरी जगदी ा नेहराः बहन जी पीने के पानी का जो सिस्टम बना हुआ है, उसमें हम वाटर वर्कस के जरिए पानी देते हैं। भिवानी जिले में जब चौधरी बंसी लाल जी मुख्य मंत्री थे तो दूसरों का वाटर काट कर वहां पर ले जाते थे अब चूंकि पानी की व्यवस्था ठीक कर दी गई है इसलिये वहां पर वाटर वर्कस, की सप्लाई में भी फर्क पड़ा है। जो सही कार्यवाही सरकार की तरफ से होनी चाहिए थी, वही सरकार ने की है।

श्रीमती चन्द्रावतीः मेरा सवाल तो यह है कि भिवानी जिले की नहरों में 230 क्यूसिक पानी कम जा रहा है।

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): बहिन जी यह नहर के पानी का सवाल नहीं है यह सवाल तो पीने के पानी के बारे में है।

श्रीमती चन्द्रावतीः जब नहरों में पानी पूरा नहीं जायेगा तो पीने के पानी की कमी तो बनेगी ही?

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, मैं फिर स्पश्ट करना चाहूंगा कि कभी भी किसी जिले का पानी काट कर भिवानी जिले के लिये लेकर के नहीं गया। इनके पेट में काला है। इनके पेट में क्या गड़बड़ है यह मुझे तो पता नहीं लेकिन मैं किसी का पानी काट कर वहां के लिये नहीं ले गया। पानी के लिये हरेक को

बराबर का अधिकार है। पानी हरेक को देने के लिये ही सरकार बड़े जोर– ाोर से कह रही है कि 31 मार्च तक पानी दे देंगे। मैं इनसे जानना चाहता हूं कि जिन गांवों में आज से 20–25 साल पहले स्कीमें बनी थीं क्या उनका 15–15 दिनों तक पानी नहीं जा रहा, क्या यह बात इनके नोटिस में नहीं है?

चौधरी जगदी ा नेहराः ऐसी कोई बात नहीं है कि गांवों में 15–15 दिनों तक पानी नहीं जा रहा है। यह बात जरूर है कि पानी की दिक्कत है। हम औगमैंटे ान बूस्टिंग के जरिए पीने के पानी की कमी को दूर करने के लिये कोि ा ा कर रहे हैं ताकि पानी की दिक्कत को कम कर सकें। जहां तक इन्होंने कहा कि हमारे पेट में काला है, मैं कहना चाहता हूं कि हमारे पेट में कोई काला नहीं है। इसके पेट में कुछ कालापन है तो हम कह नहीं सकते।

श्री अध्यक्षः नेहरा साहब, आप हाउस को यह भी बता दें कि जहां गांवों में पानी बेकार चलता रहता है क्या वहां पर पानी की खेल बनाने की कोई योजना है?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, आपने बहुत बढ़िया बात कही है। ऐसी खेल बनाने की व्यवस्था के बारे में मैं आपको बताना चाहता हूं कि बड़े–बड़े गांवों के लोग पानी का एक बड़ा सा टैंक बना कर दे दें या पंचायत की तरफ से ऐसा टैंक बना दिया जाये तो वहां पर हम उस टैंक में 20–30 टूटियां लगा

सकते हैं और उसके लिये कनैक ान भी दे सकते है।। ऐसा करने से लोग जब उनकी टूटियों में पानी न आ रहा हो तो उस टैंक से पानी भी भर सकते हैं और प ाुओं आदि को भी पानी पिलाने की समस्या दूर हो सकती है क्योंकि जब उस टैंक के साथ खेल बनी होगी तो प ाु भी आराम से पानी पी सकते है।। मैं फिर कहना चाहता हूं कि यदि ऐसा काम डिवैल्पमैंट विभाग की तरफ से हो जाता है तो हम वहां पर पानी का कनैक ान देने के लिये हर समय तैयार हैं।

Starred questions Nos. 173 and 167

Mr. Speaker: These questions are deleted as the members, Sarvshri Satbir Singh Kadian and Krishan Lal, stand suspended from the service of the House.

Shortage of drinking water

***204. Shri Attar Singh Mandhiwala:** Will the Minister for Public Health be pleased to state-

(a) whether the Government is aware of the fact that there in shortage of drinking water in villages Changrod, Balrod, Bijna, Chillar and Kalayana of Badhra constituency; and

(b) if so, the steps taken or proposed to be taken to remove the shortage of drinking water in the aforesaid villages?

Public Health Minister (Chaudhri Jagdish Nehra):

(a) Yes.

(b) A separate water works at Badhwana is being constructed which will augment water supply in Changrod, Balrod & Bijna villages whereas Chillar and Kalayana villages will be benefitted because of delinking of 15 villages including six villages under Badhwana group of villages from the existing water supply scheme of Mandoli group of 29 villages.

चौधरी फूलचन्द मुलाना: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या यह बात इनके नोटिस में है कि गांवों में जो पानी की टूटियां लगी हुई हैं उनके ऊपर स्टोपर्ज नहीं लगे हुए हैं जिस कारण पानी काफी मात्रा में जाया चला जाता हे? दूसरे कई बस्तियों में टूटियों की बहुत कमी है।। क्या ये उस कमी को पूरा करेंगे। मेरा तीसरा प्र न यह है कि जहां पर पानी पर्याप्त मात्रा में है क्या उन गांवों में प्राइवेट कनैक ान देने बारे विचार करेंगे?

चौधरी जगदी ा नेहरा: स्पीकर साहब, इन्होंने जो सवाल किया है उसके बारे में मेरा जवाब यह है कि बहुत सी जगहों पर जहां टूटियां नहीं है, उनको हम लगवाने की व्यवस्था कर रहे हैं। टूटियां तो हम लगवा देंगे लेकिन इस व्यवस्था में एक दिक्कत यह आ रही है कि जहां पर भी टूटियां लगवाते हैं गांव के बच्चे उन टूटियों को तोड़ कर ले जाते हैं। इस बारे में अब हमारी यह स्कीम है कि डिवैल्पमैंट पंचायत डिपार्टमैंट से मिल कर हम गांव के सरपंचों या दूसरे मुअजिज आदमियों की जिम्मेदारी

लगायेगें कि जो टूटियां हम लगवाएंगे, वे टूटे नहीं। पहले ऐसी टूटियां लगाते थे जिनको खेल कर पानी चलता है। इसमें होता यह था कि टूटियां वैसे ही खुली रहती थी और पानी चलता रहता था। इसकी जगह पर हमने ऐसी टूटियां लगवाई जिन को ऊपर उठाने से पानी निकलता है। ऊपर उठा देते हैं। या उसके नीये डण्डा लगा देते हैं जिससे पानी लगातार चलता रहता है जिससे एक तो उससे आगे पानी नहीं जाता और दूसरे पानी की वेस्टेज होती है। मैं सारे मैम्बर साहेबान से रिक्वैस्ट करूंगा कि वे गांवों में लोगों को इस बारे में बताएं कि अगर यह व्यवस्था चलती रही तो एक तो उससे आगे पानी जाएगा दूसरे पानी फैलने से कीचड़ और गन्दगी बढ़ेगी जिससे मच्छर पैदा होंगे और बीमारी फैलेगी। दूसरे मैं इन्हें यह बताना चाहूंगा कि हम व्यवस्था कर रहे हैं कि जहां पर टूटियां कम हैं वहां पर उनकी संख्या बढ़ाई जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पीने का पानी मिल सके। इनके तीसरे सवाल का जवाब यह है कि जहां पर पानी की सप्लाई ज्यादा है, वहां पर हम प्राईवेट कनैक ान्ज देंगे।

श्री अमीर चन्द मक्कड़: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहूंगा कि कई गांवों में पानी काफी गन्दला या खराब आता है। इसका कारण यह है कि जितने भी वाटर टैंक टेल पर हैं उनमें पानी की कमी है। मैं मन्त्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या नहरों में पूरा पानी देने के लिये वे महकमा नहर को लिखेंगे ताकि लोगों को

गन्दला पानी न पीना पड़े और जिन वाटर टैंकों में गन्दला पानी आ रहा है, उसको ठीक करवाने की व्यवस्था करेंगे।

स्पीकर साहब, हिसार में उमरा गढ़ी, सुल्तानपुर तथा हाजमपुर के 4–5 गांव ऐसे हैं जिनकी सप्लाई पसटे गांव से आती है और इन गांवों की आबादी बढ़ गई है। इस कारण उनको पूरा पानी नहीं मिल रहा है। क्या मन्त्री महोदय ऐसा प्रबन्ध करवाएंगे जिससे कि जिन गांवों की आबादी बढ़ गई है उन गांवों में पीने का पानी पूरा मिले?

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, पानी गन्दा है, वह नहरों से गन्दा नहीं आता है। स्पीकर सर, हरियाणा में पानी दो जगहों से आता है एक तो भाखड़ा का पानी आता है जोकि स्वच्छ होता है दूसरे यमुना से पानी आता है। यमुना से जो पानी आता है उसमें मिट्टी होती है और वह गन्दला होता है उस गन्दले पानी को साफ करने के लिये बाकायदा सिस्टम है और उसको कैनाल वाटर वकर्स पर पत्थर कंकड वगैरह से गुजार कर साफ किया जाता है। इन्होंने जिन गांवों के लिये कहा है कि पानी गन्दा मिलता है, उनको मैं चैक करवा लूंगा और वहां गन्दा पानी नहीं आने देंगे। दूसरे इन्होंने सवाल किया कि जहां पापुले ान बढ़ गई है, वहां पानी नहीं मिलता। इस बारे में मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी जगहों पर और वाटर वर्क्स लगाने हैं और इसके लिये हमें पंचायत की जमीन लेनी है। जो भी पंचायत लिखकर देगी या

कोई रेजोल्यू ान भेजेगी पानी की व्यवस्था ठीक करने के लिये तो हम वहां जरूर पानी की व्यवस्था करेंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, यह जो फीलिंग है कि लोगों को हर जगह पानी कम मिल रहा है, इस बारे में इन्होंने बताया है कि 20 लीटर प्रति व्यक्ति हम गांव में पानी पहुंचाते हैं। क्या मंत्री महोदय, बतायेंगे कि अब तक कितने गांवों को इन्होंने इस हिसाब से पानी दिया है? स्पीकर साहब, इनके पास रूरल पापुले ान की फिगर भी होगी और इनके कितने रिजरवायर्ज हैं, टैंक हैं, वह भी फिगर इनके पास होंगे। क्या मन्त्री जी बता सकेंगे कि इस के हिसाब से जितनना इन्होंने पानी दिया है, वाटर टैंक्स की कैपेसिटी बढ़ा दी है और जो रूरल पापुले ान उन सब स्कीमों के बनने के बाद बढ़ गई है उस सारी को उससे तकसीम करें तो कितना पानी गांव के एक व्यक्ति के हिस्से आ रहा है?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा कि पानी के डिस्ट्रीब्यू ान के दो तरीके हैं एक तो प्रति व्यक्ति 20 लीटर पानी हिस्से आता है। कुछ जगह 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन मिल रहा है। यह तो मैं घनत्व निकाल के नहीं दे सकात हूं कि इतना घन पानी हमारे पास है और इतनी हमारी पापुले ान है। यह बहुत ही मु कल है लेकिन यह मैं स्पश्ट तौर पर आ वासन आपको दे सकता हूं कि 20 लीटर पानी बहुत से गांवों में प्रति व्यक्ति दिया जाता है। इसका मतलब है कि वहां पर पानी की कमी है और उस 20 लीटर पानी को हम अगली पांच वर्शीय

प्लान में 40 लीटर करने जा रहे हैं और यह भी हम पांच वर्शीय प्लान में करने जा रहे हैं कि जहां डैजर्ट हैं वहां 40 लीटर से 70 लीटर पानी दिया जाएगा। वहां के प ाुओं के लिए 30 लीटर पानी ऐडी ानल करने जा रहे हैं और यह भी प्रावधान है कि 120 गांव में जो बड़े–बड़े गांव हैं, 10,000 से ज्यादा आबादी के गांव हैं हम उनका पानी 110 लीटर करने जा रहे हैं और उनके जहां पानी निकासी की व्यवस्था भी हम आठवी पांच वर्शीय योजना में करने जा रहे हैं।

चौधरी अजमत खांः स्पीकर साहब, मेरे इलाके में बहुत से गांव हैं जहां पानी की स्कीम कमी ान हो गई है लेकिन आज तक पानी नहीं पहुंचा। वे गांव हैं घुड़ावली, टोंका, नालूंका, ज्यताना, उमरेड़ा, जराली इत्यादि। उन गांवों में स्कीम कमी ान हो चुकी है। स्पीकर साहब, 10–10, 15–15 गांवों को मिलाकर एक हल्का बनाया गया है और कई जगहों पर सरकार ने मेवात बोर्ड के जरिए एग्रीकल्चर के ट्यूबवैल लगा दिए हैं। वे ट्यूबवैल्ज सिर्फ जोहड़ भरने के काम आते हैं, ऐग्रीकल्चर वालों की म ाीनरी भी वहां नहीं है। क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि जो टयूबवैल्ज मेवात बोर्ड ने लगाए हैं, सरकार उनको अपने कब्जे में लेकर पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट द्वारा लोगों को पानी की सुविधा देगी? स्पीकर साहब, दूसरा सवाल यह है कि क्या ये जो कई–कई गांवों के हल्के बना रखे हैं उनको छोटे करने की कोि ा ा करेंगे? तीसरी बात यह है कि यदि हमारे इलाके में जमींदार और किसान

अपने टयूबवैल सरकार को दे दें तो क्या सरकार उनको लेकर पानी वहां से जनता को उपलब्ध करवा देगी?

10.00 बजे

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने एक सवाल यह किया है कि बहुत से गांवों में ट्यूबवैल लगे हुए हैं लेकिन कमी ान नहीं हुए और साथ ही कहा कि काफी बड़ी स्कीम है और उनका पानी पहुंच नहीं रहा है स्पीकर साहब, जिन गांवों का इन्होंने नाम लिया है, हम उनके बारे में ऐग्जामिन करवा लेंगे। दूसरे इन्होंने कहा कि जो टयूबवैल्ज ऐग्रीकल्चर डिपार्टमैंट ने लगा रखे हैं क्या पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट उनको अपने कब्जे में लेगा? स्पीकर साहब, मैं इसके बारे में तो ऐग्रीकल्चर डिपार्टमैंट से पता करके ही कह सकता हूं कि हम इनको ले सकते हैं या नहीं। तीसरी बात जो इन्होंने प्राइवेट वाटर वर्कस या टयूबवैल्ज के बारे में कही है इसके बारे में मैं बताना चाहता हूं के हम आगे उनको पीने की पानी की व्यवस्था के साथ जोड़ सकते हैं। यदि कोई पीने का पानी देगा तो पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट बड़ा खु ा होगा कि उन्होंने पानी की व्यवस्था की है। हम भी उनके बड़े सहयोगी होंगे।

चौधरी ओम प्रका ा बेरीः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या उनके नोटिस में यह बात है कि जहां एक से ज्यादा गांव किसी स्कीम में भाामिल

है वहां उस गांव में जो वाटर वकर्स की स्कीम है उसको छोड़कर और जो दूसरे गांव उसके साथ अटैच किये गये हैं, उनमें पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिसकी अपेक्षा सरकार ने की थी? इन गांवों में पानी पहुंचाने के लिये सरकार क्या कदम उठाने जा रही है? दूसरे आज हमारे हरियाणा प्रान्त में जो 'सी' क्लास कमेटीज हैं या जिन कमेटियों की आमदनी कम हैं, क्या सरकार उन भाहरों को, जिनके अन्दर ऐसी कमेटियां हैं और उनके यहां वाटर वर्क्स हैं, अपने हाथ में लेने के लिये किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है और यदि ऐसा है तो वह कब तक इम्पलीमेंट हो जाने की उम्मीद है?

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, श्री ओम प्रका ा बेरी जी ने बड़ा अच्छा सवाल किया है कि एक गांव के साथ और जो गांव लगे हुए हैं उनमें पानी की व्यवस्था कैसे हो और उसको कैसे ठीक किया जा सकता है? हम उनको दो तरीके से ठीक कर रहे हैं। एक तो हम जोन बना लेते हैं यदि पांच गांव हैं, एक गांव इधर है, एक गांव उधर है और दो गांव इधर हैं तो हम इनके तीन जोन बना देंगे और यदि 15 गांव है तो हम 5–5 गांव के जोन बना लेते हैं। इसके अलावा यदि गांव और ज्यादा हों तो मैंने जैसा पहले ही कहा था कि हम बूस्टिंग स्टे ान लगाने जा रहे हैं ताकि यदि पांच गांव और हैं तो उनके बीच में हम बूस्टिंग स्टे ान लगा देंगे ताकि उससे अगले पांच गांव को ठीक किया जा सके। दूसरा इनका सवाल यह है कि सी क्लास

की जो म्यूनिसिपल कमेटियां हैं, और उनके वाटर वर्क्स की जो सप्लाई स्कीम्ज है क्या पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट उनको अपने अडंर में लेने जा रहा है? वैसे इनका मकसद बैरी की म्यूनिसिपल कमेटी से है कि बैरी की म्यूनिसिपल कमेटी को क्या पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट अपने अंडर ले रहा है? तो इसके बारे में मुख्यमंत्री जी ने यह फैसला किया है कि जितनी भी म्यूनिसिपल कमेटीज की वाटर सप्लाई स्कीम्ज हैं वे सारी पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट मेनटेन करेगा और उनकी जो भाहरों में पानी की सप्लाई है, उसको भी हमारा डिपार्टमैंट करेगा।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: स्पीकर साहब, जन स्वास्थ्य मन्त्री महोदय ने अपने बयान में बताया है कि वधवाना की जो स्कीम है इसको जल्दी पूरा करेंगे। क्या मन्त्री जी के ध्यान में यह बात है कि जिला महेन्द्रगढ़ में अटेली और नारनौल तथा भिवानी में पानी जमीन के नीचे 500 फुट तक चला गया है साथ ही गर्मी भी आ रही है। बधवाना के साथ जो कैनाल 'ब' स्कीम थी जिसमें नौताना पाली, खोरड़ा खातौद आदि हैं क्या सरकार आने वाली गर्मियों को देखते हुए तथा 500 फुट की गहराई को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस स्कीम को पूरा करने की कृपा करेगी?

चौधरी जगदी I नेहरा: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो बात कही है वह बिल्कुल दुरूस्त है कि जो नारनौल का एरिया है उसमें पानी का स्तर नीचा चला गया है और वहां जो टयूबवैल्ज

लगाते है। उनमें भी पानी नीचे चला गया है। अध्यक्ष महोदय, जब वहां पर टयूबवैल लगाते हैं तो पानी 250 फुट पर रहता है लेकिन दो चार महीने के बाद ही यह 300 फुट पर हो जाता है। तो इसके लिए हम व्यवस्था कर रहे हैं। जिन गांवों में यह दिक्कत है वहां पर हम ऐसे टयूबवैल्ज को नीचा कर रहे हैं ताकि सही व्यवस्था हो सके। इसके अलावा इन्होंने कई गांव पाली और खोरड़ा आदि बतायें हैं। (विध्न) वैसे खोरड़ा को तो आपने तब ही ठीक कर दिया था जब आप पब्लिक हैल्थ मिनिस्टर थे इसलिये इसको हमें ठीक करने की जरूरत नहीं है।

Repair of Roads in District Bhiwani

***208. Shrimati Chandravati:** Will the Chief Minister be pleased to state the names of roads, if any, repaired in District Bhiwani during the period from 1986-87 todate togetherwith the expenditure incurred thereon separately?

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, बहिन जी ने जो सवाल किया था, वह बहुत ही विस्तार से पूछा था। इसके लिये आंकड़े इकट्ठे करने के लिये हम समय भी मांग सकते थे लेकिन हमने समय नहीं मांगा। इसलिये नहीं मांगा कि जितनी जानकारी हमारे पास है, उतनी तो हम बहिन जी को और इस हाउस को दे ही दें। मैं आपको बताना चाहता हूं कि इन्होंने हर सड़क का नाम ले लेकर पूछा था कि 1986–87 से लेकर अब तक कौन–कौन सी सड़क पर कितना काम हुआ है, कितना पैसा

खर्च हुआ है। इसका जवाब देने में समय लगने की बात थी। इसलिये हमने भिवानी जिले में 1986–87 से लेकर अब तक जो सड़कों की मुरम्मत पर खर्च किया है, वह बताया है। जो खर्च किया है, वह इस प्रकार है:–

वर्श 1986–87 2 करोड़ 36 लाख 41 हजार

1987–88 20 करोड़ 3 लाख 21 हजार

1988–89 1 करोड़ 86 लाख 57 हजार

1989–90 1 करोड़ 96 लाख 22 हजार

1990–91 3 करोड़ 19 लाख 23 हजार

1991–92 2 करोड़ 46 लाख 63 हजार रुपया

हम जनवरी, 1992 तक खर्च कर चुके हैं। इस वर्श में 2 करोड़ 98 लाख 96 हजार यानी 3 करोड़ के करीब खर्च होने की उम्मीद है।

श्रीमती चन्द्रावती: क्या मुख्य मन्त्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि लेबर पर कितना खर्चा किया गया है और तारकोल आदि पर कितना खर्चा किया गया है?

श्री अध्यक्ष: यह तो लम्बा कवै चन बन जायेगा।

श्रीमती चन्द्रावतीः मैं मुख्य मन्त्री जी से यह कहना चाहती हूं कि वे खुद जाकर देख लें, सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं। स्पीकर साहब, मैं यह अर्ज करना चाहती हूं कि आप इसकी इन्कवायरी करवायें कि वहां पर किसी सड़क की रिपेयर का काम हुआ भी है या नहीं। दादरी की सड़कें और भिवानी की सड़कें टूटी पड़ी हैं। कोई भी सड़क ठीक नहीं है। किसी भी सड़क पर कोई काम हुआ है या नहीं हुआ है, यह तो आप देख लें। अगर आप मानते हैं तो इसके लिये अपोजी ान के एव0एल0एज0 भी जायें, एम0पीज0 भी जायें और जो इनका कोई ईमानदार अफसर हो, वह भी जाये और जाकर देखे कि वहां पर क्या काई खर्च हुआ है या नहीं। दादरी, बाढ़ड़ा और लोहारू की सड़कों की इतनी बुरी हालत है कि वहां से कोई गाड़ी निकल नहीं सकती। इसलिये मैंने यह कहा है कि क्या किसी ने इस बात का निरीक्षण भी किया है कि इन सड़कों की मुरम्मत पर कोई खर्च भी किया गया है या नहीं।

चौधरी भजन लालः जैसे मैंने बताया, मैं फिर बहिन जी की तसल्ली के लिये बताना चाहता हूं कि भिवानी जिले में 87 सड़कों की मुरम्मत का काम चल रहा है। एक बात मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जो पैसा हमने सड़कों की मुरम्मत के लिये दिया है, सर्कलवाइज हिसार के बाद सबसे ज्यादा पैसा हमने भिवानी जिले को दिया है। मैं खुद भी भिवानी जिले में, चीफ मिनिस्टर बनने के बाद, सबसे ज्यादा गया हूं। और जिलों के

मुकाबले में हमने ज्यादा काम भिवानी जिले में करने की कोि ा ा की है। लेकिन पिछले चार साल तक चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने वहां पर कुछ नहीं किया। इसलिये पिछले चार साल के कामों का उलाहना हमें आप दो, तो यह कोई अच्छी बात नहीं है। हमने अब यह तय किया है कि 31 मार्च तक हरियाणा की सारी पुरानी सड़कों को, जो टूटी हुई हैं, मुरम्मत करके नई बना देंगे।

श्री कर्ण सिंह दलालः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से एक बात मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। उन्होंने अभी अभी यह कहा है कि 31 मार्च तक जितनी भी प्रदे ा के अन्दर टूटी हुई सड़कें हैं, उनको दुरूस्त कर दिया जायेगा। मैं उनके नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं कि सोहना से पलवल तक की जो रोड़ है वह जहां तक तो फार्म हाउसिज बने हुए हैं, वहां तक तो फिस भी ठीक है लेकिन उससे आगे तो गांव की सड़कें हैं, वे खड्ड़ों से भरी पड़ी हैं। बहुत ज्यादा टूटी हुई हैं। यह अकेले वहां की स्थिति नहीं है, यह सब जगह की है कि जहां तक तो फार्म हाउसिज बने हुए है।, वहां तक की सड़के तो ठीक है लेकिन बाकी गांवों की सड़कें टूटी पड़ी हैं। मैं मुख्य मन्त्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वे यह बतायेंगे कि ऐसी जो सड़कें टूटी पड़ी हैं, उनको भी 31 मार्च तक ठीक करने की सरकार कोि ा ा करेगी?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात को बार बार दोहराऊंगा तो अच्छा नहीं लगता। हमने यह फैसला किया

है कि जितनी भी सड़कें सारें हरियाणा में टूटी हुई हैं, उनको 31 मार्च तक ठीक कर देंगे। इसमें 10–15 दिन इधर उधर हो सकते हैं। बरसात होने की वजह से या सर्दी में लुक्क डालने में कई बार दिक्कत आती है। लुक्क ठीक काम नहीं करती। इसलिये थोड़े दिन आगे पीछे हो सकते हैं। हमें आ ाा है कि 31 मार्च तक हम सारी सड़कें रिपेयर करके बढ़िया बना देंगे। 5–4 जगहें ऐसी हो सकती हैं जहां पर यह काम भाायद पूरा होने से रह जायेगा। उसे भी हम अगले 15–20 दिन में पूरा कर देंगे।

Starred Question Nos. 217 and 232

Mr. Speaker: These questions are deleted as the members Sarvshri Balwant Singh and Zile Singh, stand suspended from the service of the House.

Plantation of Trees

***233. Shri Rajinder Singh Bisla:** Will the Minister for Forests be pleased to state-

(a) whether any target has been fixed for the plantation of trees in the State during the period from July, 1991 to-date; if so, districtwise details of the trees planted; and

(b) whether any supervisory staff has also been posted to look after the plantation, as referred to above; if so, the categorywise number thereof?

Forests Minister (Rao Inderjit Singh):

(a) Yes Sir, The districtwise details are given at Annexure (A).

(b) Yes, Sir, The categorywise details of the supervisory staff are given at Annexure (B).

ANNEXURE 'A'

Districtwise targets and their achievements upto 31-1-1992

Sr.	**District**	**Target Fixed**		**Achievement**		**Percentage of**	
		Ha.	No. of Plants in lakhs	Ha.	No. of Plants in lakhs	Ha.	No. of Plants
1.	Ambala	3270	11.00	4847	17.11	148.22	155.54
2.	Yamunanagar	1620	13.00	1635	20.66	100.92	158.92
3.	Kurukshetra	825	14.50	1232	16.93	149.33	116.75
4.	Kaithal	1070	14.00	920	16.77	86.72	119.78
5.	Karnal	948	12.50	853	11.56	89.97	92.48
6.	Panipat	938	9.00	730	18.78	77.83	208.66
7.	Sonipat	840	15.50	901	10.73	107.26	69.22
8.	Hisar	2810	17.00	1910	32.72	67.97	192.47
9.	Bhiwani	3690	12.00	2131	9.82	57.75	81.83

10.	Sirsa	2078	14.50	1816	11.46	87.39	79.03
11.	Jind	1320	12.50	825	19.05	62.50	152.40
12.	Gurgaon	5062	16.00	4579	15.90	90.45	99.37
13.	Faridabad	1494	20.00	1527	23.73	102.20	118.65
14.	Mohindergarh	1805	10.50	3378	10.49	187.14	99.90
15.	Rewari	2765	10.00	1461	10.27	52.84	102.70
16.	Rohtak	1665	18.00	1471	23.32	98.34	140.66
	Total	**32100**	**220.00**	**30224**	**271.30**	**94.15**	**123.31**

ANNEXURE 'B'

Total No. of plantation supervisory staff:

Category	**Total No. of Staff**	
1.	**I.F.S.**	**21**
2.	**H.F.S.**	**35**
3.	**Forest Rangers**	**92**
4.	**Deputy Rangers**	**98**
5.	**Foresters**	**367**

चौधरी फूल चन्द मुलाना: अध्यक्ष महोदय मन्त्री महोदय ने अपने जवाब में प्लांटे ान आफ ट्रीज की जिलावार संख्या दी है। मैं आपके माध्यम से उन से यह जानना चाहता हूं कि क्या

कोई ऐसी प्रक्रिया सरकार द्वारा तय की गई है कि जिससे मौके पर जाकर के इस बात की फिजीकल बैरीफिके ान की जा सके कि आया प्लांटे ान सही तरीके से हुई है या नहीं?

राव इन्द्रजीत सिंहः अध्यक्ष महोदय, बाकायदा इस चीज की चैकिंग हमारे सुपरवाइजरी स्टाफ द्वारा समय समय पर होती रहती है। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से आनरेबल मैम्बर साहब को यह बताना चाहता हूं कि पिछले साल जो पौधारोपध हुआ है उसकी जांच भारत सरकार की एक सेक्सपर्ट टीम द्वारा निश्पक्ष ढंग से की गई है और उसके सरवाइबिलिटी रेटस की परसैंटेज 80 से 89 पाई गई है जोकि मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान में किसी और प्रान्त की नहीं रही होगी।

श्री राजेन्द्र सिंह बिसलाः अध्यक्ष महोदय, मन्त्री महोदय ने अपने जवाब में फरीदाबाद जिले में प्लांटे ान के लक्ष्य की संख्या 20 हजार बताई है और एरिया 1494 हैक्टेयर बताया है लेकिन अचीवमैंट परसैन्टेज ज्यादा बातई है जोकि सही नहीं है। मैं मुख्य मन्त्री महोदय ये यह कहूंगा कि यह जो मिनिस्अर साहब ने हमारे जिले का डैटा दिखाया है, यह सही नहीं है। क्या मिनिस्टर साहब किसी इंडिपैन्डैन्ट ऐजेन्सी से इसकी जांच करवाने का इरादा रखते हैं कि आया वहां प्लांटे ान हुई भी है कि नहीं और क्या ऐसे अधिकारियों को जिन्होंने अपने उच्च अधिकारियों को यह गल्त सूचना दी या मन्त्री महोदय को यह सूचना दी उनके खिलाफ कोई कार्यवाही की जाएगी?

राव इन्द्रजीत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले ही कहा है कि सरकार ने भारत सरकार की एकक्सपर्ट टीम से इसकी जांच करवाई है। अगर मानीय सदस्य को किसी जगह के बारे में भ्राुबहा है तो उसकी हम जांच करवा लेंगे। अगर कोई ऐसी बात होगी या कहीं कोई गलत बात पाई जाएगी तो सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

श्री राजेन्द्र सिंह बिसलाः अध्यक्ष महोदय, मैं तो यहां तक कहने के लिये तैयार हूं कि बल्लभगढ़ फरीदाबाद के हल्का में प्लांटे ान हुई ही नहीं। मेरा आपसे निवेदन है कि सरकार इसकी जांच करवाए ताकि सही तथ्य सरकार व इस हाउस के सामने आ सकें।

श्री अध्यक्षः राजेन्द्र सिंह जी, आप लिख कर दे दें।

श्री राजेन्द्र सिंह बिसलाः ठीक है जी।

चौधरी जाकिर हुसैनः अध्यक्ष महोदय, जो फिगर्ज इन्होंने गुड़गांव और फरीदाबाद के बारे में दी है वे सब से ज्यादा मेरे हल्के और मेवात में अरावली क्षेत्र से सम्बन्धित हैं। हो सकता है कि कुछ हद तक ये फिगर्ज ठीक भी हों लेकिन क्या मिनिस्टर महोदय या मुख्य मन्त्री महोदय इस बात की जांच करवाना चाहेंगे ताकि तथ्य सामने आ जाएं। वहां पर अगर कोई प्लांटे ान है तो वह केवल काबली कीकर की है और वह भी सिर्फ 10 परसैन्ट क्योंकि बाकी की कीकर अपने आप ही उग पड़ती है।

राव इन्द्रजीत सिंहः अध्यक्ष महोदय, चौधरी जाकिर हुसैन ने जो भांका जाहिर की उसके बारे में अर्ज है कि वास्तव में ये फिग्गर्ज सारी स्कीमों को इकट्ठा करके दी गई हैं। अरावली पर्वत की जो स्कीम है वह 1991 में भाुरू हुई थी। उस साल जुलाई में बरसात होने के बाद वहां पर प्लांटे ान की गई थी। इसकी चैकिंग बाद में होगी।

सदस्य का नाम लेना/निकालना

श्री अमर सिंह ढांडेः स्पीकर साहब, कल हमारी पार्टी के सदस्यों को जिस तरीके से हाउस से निकाला गया वह ठीक बात नहीं हुई।

Mr. Speaker: Please take your seat. This is question hour and you cannot be permitted to speak like this. You can speak in zero hour. Nothing more from Sh. Amar Singh dhanday will be recorded.

Sh. Amar Singh Dhanday: * * * * * *

Mr. Speaker: When the Speaker is on his legs you should take your seat. (The hon. member did not resume his seat.)

Mr. Speaker: I warn you. Please take your seat otherwise I will name you.

Sh. Amar Singh Dhanday: * * * * * *

Mr. Speaker: I name Shri Amar Singh for his disorderly conduct. He may please leave the House. (The hon'ble member did not leave the House and raised slogans).

श्री अध्यक्षः मा र्शल/वाच एंड वार्ड स्टाफ इनको बाहर ले जाएं। Shri Amar Singh was absent yesterday and he was not suspended. His behaviour is also unbecoming and hence he has been named and the Sergeant-at Arms is directed toexecute the orders. (At this stage the Sergeant-at-Arms with the aid of the Watch and Ward staff took the Hon. member out of the House).

तारांकित प्र न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)

Industrial Complex at Radaur

***199. Sathi Lehri Singh:** Will the Minister for Industries be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Govt. to set up an industrial complex at Radaur; and

(b) if so, the time by which it is likely to be set up?

Industries Minister (Shri Lachman Dass Arora):

(a) No, Sir.

(b) In view of reply to part (a) of the question, part (b) does not need any reply.

साथी लहरी सिंहः स्पीकर साहब, मन्त्री जी ने एक तो मेरा सवाल बदल दिया। मैंने सवाल यह दिया था कि 1982 में चौधरी भजन लाल जी मुख्य मन्त्री थे और ये इस समूह का पत्थर रख कर आए थे। तीन चार साल तक वहां पर चौकीदार भी बैठा रहा। वहां पर मैंने इनको पंचायत से जमीन दिलवाई थी। उस पत्थर का पता नहीं क्या हुआ। जो मैंने पंचायत की जमीन दिलवाई थी वह इन्होंने एक प्राईवेट मैम्बर को बेच दी। इसका मन्त्री जी के पास क्या जवाब है और यह कम्पलैक्स कब तक चालू होगा?

श्री लछमन दास अरोड़ाः स्पीकर साहब, यह बात ठीक है कि 1982 में रादौर पंचायत से एक्सपोर्ट कारपोरे ान ने जमीन खरीदी थी और उसने उस जमीन पर सिलाई म ाीन के पुर्जे बनाने के लिये एक युनिट लगाना था लेकिन बाद में वह जगह बायबल साबित नहीं हुई जिसके कारण उस यूनिट को पंचकुला ि ाफ्ट कर दिया गया। उसके बाद उस जमीन पर इलैक्ट्रोनिक यूनिट लगाने के लिये कोई आदमी तैयार नहीं हुआ। वर्श 1989 में श्री प्रताप सिंह ऐक्सपोर्ट कारपोरे ान के चेयरमैन थे उन्होंने यह फैसला किया कि उस जीमन को बेच दिया जाए और उस जमीन को बेच दिया गया। वह जमीन बेचते समय उस जमीन के साथ यह भी कंडी ान लगा दी गई कि जो भी आदमी उस जमीन को खरीदेगा वह उस जमीन पर कोई इंडस्ट्रियल यूनिट ही लगाएगा

वरना वह जमीन नहीं खरीदी जा सकेगी। उस जमीन पर अभी भी एक्सपोर्ट कारपोरे ान का कब्जा है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, चौधरी लहरी सिंह अभी एक सप्लीमैंटरी पूछते हुए कह रहे थे कि 1982 में चौधरी भजन लाल जी ने वहां पर नींव पत्थर रखा था और वह पत्थर गायब है। न वहां पर नींव पत्थर है और न ही वह प्रोजैक्ट है। क्या मन्त्री जी बताएंगे कि चौधरी भजन लाल जी ने इस तरह से पत्थर रख रख कर कितने लोगों को बहकाया है जिस तरह से चौधरी लहरी सिंह को बहकाया है? (हंसी)

श्री लछमन दास अरोड़ाः चौधरी भजन लाल जी ने जो पत्थर लगाए हुए थे उनको उखाड़ उखाड़ कर इन्होंने अपने पत्थर लगा दिए। सिरसा के अन्दर चौधरी देवी लाल जी और श्री ओम प्रका ा चौटाला ने तीन नींव पत्थर लगाए थे वे भी ये उखाड़ कर ले गए।

चौधरी अजमत खांः स्पीकर साहब, 1979–80 में नूंह में इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स बनाने के लिए सरकार ने जमीन ऐक्वायर की थी और वह जमीन 1985–86 में वापिस कर दी गई जबकि सरकार ने उस जमीन की सारी पेमेंट करके वह जमीन ले ली थी। मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि वह जमीन वापिस क्यों की गई और क्या सरकार का वहां पर इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स बनाने का कोई इरादा है?

Mr. Speaker: This question does not arise out of the main question. However, if the Minister wants to give the information, he may do so.

श्री लछमन दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, इसके लिये सैपरेट नोटिस चाहिए।

साथी लहरी सिंह: क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि वह जमीन कितने पैसे में खरीदी गई और कितने पैसे में बेची गई? इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहता हूं कि चूंकि वह कम्पलैक्स अभी कैंसिल नहीं हुआ है इसलिये उसको बनाने का काम कब तक भुरू किया जाएगा और वह कब तक बन कर तैयार हो जाएगा? सरकार इस बारे में सारी पोजी ान बताए, इस तरह से सदन को गुमराह न करे।

श्री लछमन दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, एक बात तो यह है कि यह मामला मेरे महकमे से ताल्लुक ही नहीं रखता। इसके अलावा मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि वह जमीन 42700 रुपए में खरीदी गई और 26–4–90 को 5.50 लाख रुपए में बेच दी गई।

साथी लहरी सिंह: वह पैसा कहां गया?

श्री लछमन दास अरोड़ा: इस बारे में तो आपको ही ज्यादा पता हो सकता है कि वह पैसा कहां गया? जो सरकारी पैसा होता है वह सरकारी खजाने में ही जमा होता है और कहां

जाता है। आप बड़ी अजीब बात कर रहे हैं कि वह पैसा कहां गया? आप वहां पर यूनिट लगाने के लिये एप्लाई कराएं क्योंकि वहां पर कोई भी आदमी यूनिट लगाने के लिये तैयार नहीं है।

साथी लहरी सिंहः वहां पर यूनिट लगाने के लिये 78 ऐप्लीके ांज आपके पास आई और उनका इन्ट्रव्यू भी हुआ है। वह 78 कैन्डीडेटस अपने यूनिट लगाने के लिये इन्तजार कर रहे हैं।

श्री लछमन दास अरोड़ाः वहां पर यूनिट लगाने के लिये हमारे पास कोई ऐप्लीके ान नहीं आई है। अगर वहां पर यूनिट लगाने के लिये कोई ऐप्लीके ान आएगी तो उस पर विचार कर लिया जाएगा।

Starred Question No. 229

Mr. Speaker: This question is deleted as the member, Shri Jaswinder Singh, stands suspended from the service of the House.

D.I.E.T.

***222. Prof. Ram Bilas Sharma:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Govt. to set up a D.I.E.T. Centre at Mohindergarh; and

(b) if so, the time by which it is likely to be set-up?

ि ाक्षा मन्त्री (श्रीमती भाान्ति देवी राठी):

(क) जी हां।

(ख) वर्श 1992–93 में स्थापित होने की संभावना है।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, आदरणीय बहिन जी ने बड़ी अच्छी बात कही है कि 1992–93 में ये महेन्द्रगढ़ में जे0बी0टी0 और ओ0टी0 सैन्टर स्थापित कर देंगी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि इस स्कीम के लिये पैसा पी0डब्ल्यू0डी0 के पास पिछले दो सालों से जमा है। दूसरे महेन्द्रगढ़ नगरपालिका ने जो वांछित जमीन इस स्कीम के लिये चाहिए वह भी प्रस्ताव पास किया हुआ है। मैं इनसे जानना चाहता हूं कि जब पैसा भी जमा है और वांछित जमीन भी उपलब्ध है तो फिर ये केन्द्र अभी तक स्थापित क्यों नहीं हुआ?

श्रीमती भाान्ति देवी राठी: अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी जानकारी के लिये बता देना चाहती हूं कि अभी तक निकाय विभाग की तरफ से कोई जमीन हमें ट्रांसफर हो कर नहीं मिली है। बल्कि हमें एक बाछोद गांव का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है कि यदि नगरपालिका से जमीन नहीं मिलती तो हम 10 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाने के लिये तैयार हैं। अगर ये नगरपालिका से जमीन उपलब्ध करवा देंगे तो वहां पर हम सैन्टर खोल देंगे।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका महेन्द्रगढ़ ने आज से साल भर पहले सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास करके लोकल बौडीज डायरैक्टर के पास भेजा हुआ है कि हम

इतनी जमीन डाईट की स्कीम के लिये दे रहे हैं। यह विभाग भी सरकार का है। मैं चाहूंगा कि बहिन जी लोकल बौडीज विभाग से इसको फाईनल करा लें और महेन्द्रगढ़ में डाईट की स्कीम खोल दें।

श्रीमती भाान्ति देवी राठी: अगर ऐसा प्रस्ताव वहां से आया हुआ है और डायरेक्टर लोकल बौडीज से वह क्लीयर हो जाता है तो हम महेन्द्रगढ़ प्रौपर में यह डाईट की स्कीम खोल देंगे।

Posts lying vacant in Schols/Collges

***226. Shri Jai Singh Rana:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether any posts of teachers/lecturers are lying vacant in the schools/colleges in the State at present;

(b) if so, the district-wise and category-wise number thereof; and

(c) the time by which the aforesaid posts are likely to be filled up?

ि ाक्षा मन्त्री (श्रीमती भाान्ति देवी राठी): सूचना सदन के पटल पर रखी जाती है।

सूचना

(क) जी हां।

(ख) प्राथमिक माध्यमिक तथा महाविद्यालयों में जिलावार तथा कैटेगरीवार रिक्त पदों की संख्या निम्न प्रकार है:–

जिला कैटेगरीवार रिक्त पदों की संख्या

क्र	जिला	जे.बी.टी. अध्यापक	सी. एण्ड बी. अध्यापक	मास्टरर्ज / मिस्ट्रसिज	स्कूल प्राध्यापक	प्राध्यापक
1.	2	3	4	5	6	7
1.	अम्बाला	74	94	61	9	8
2.	भिवानी	39	56	69	15	7
3.	फरीदाबाद	61	50	42	52	13
4.	गुड़गांव	95	95	73	26	18
5.	हिसार	165	143	45	41	14
6.	जींद	32	66	79	27	17
7.	करनाल	91	56	50	5	2
8.	कैथल	156	53	74	10	

9.	कुरूक्षेत्र	132	53	67	20	
10.	महेन्द्रगढ़ / नारनौल	193	96	37	15	17
11.	पानीपत	2	42	31	15	
12.	रोहतक	97	74	51	42	17
13.	रिवाड़ी	56	73	19	19	2
14.	सिरसा	244	132	148	40	12
15.	सोनीपत		65	37	51	4
16.	यमुनानगर	131	99	70	15	
	योग	**1568**	**1247**	**953**	**402**	**131**

(ग) इन रिक्त पदों को भीघ्रति ीघ्र भरने हेतू प्रयास किये जा रहे हैं।

श्री जय सिंह राणाः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मन्त्री महोदया से जानना चाहता हूं कि इन पदों के खाली रहने के क्या कारण हैं जबकि कुछ ही समय पहले प्रदे ा में बड़े पैमाने पर अध्यापकों और प्राध्यापकों की भरती हुई है? जवाब में भी कहा गया है कि कुछ पद खाली पड़े हैं और उनको भरे जाने की जल्दी से जल्दी कोि ा ा की जायेगी। मैं जानना चाहता हूं कि इन पदों को भरे जाने के लिये सरकार की तरफ से क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः अध्यक्ष महोदय, मैं इनको बताना चाहती हूं कि पिछले चार साल का कोटा हमने बहुत थोड़े ही दिनों में भरने की कोि ा ा तो की है और इन दिनों में 5400 के करीब अध्यापकों और प्राध्यापकों की बड़ी तेजी से भरती भी की है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अब भी बहुत से पद अलग अलग कैटेगरी के खाली हैं। ये खाली पद कुछ तो बाई प्रोमो ान से भरे जाने हैं और कुछ पब्लिक सर्विस कमी ान के थ्रू भरे जाने हैं। सरकार के प्रयास हैं कि इन माध्यमों से ये रिक्त पड़े पद जल्दी से जल्दी भरे जाएं।

Mr. Speaker: Question Hour is over please.

नियम 121 के अधीन प्रस्ताव–

कमेटियों के सदस्यों को नामजद करने के लिये अध्यक्ष महोदय को प्राधिकार देने संबंधी

Mr. Speaker: Now the Parliamentary Affairs Minister may move the motion under Rule 121 regarding nomination of various Commitees.

Irrigaiton and Power Minister (Shri Shamsher Singh Surjewala): Sir, I beg to move-

That the provisions of Rules 228, 230, 230-B and 260-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly in-so-far as they relate to the constitution of the-

(i) Committee on Public Accounts;

(ii) Committee on Estimates;

(iii) Committee on Public Undertakings; and

(iv) Committee on the Welfare of Schedules Castes and Scheduled Tribes,

for the year 1992-93 be suspended.

Sir, I also beg to move-

That this House authorises the Speaker, Haryana Vidhan Sabha, to nominate the Members of the aforesaid Committees for the year 1992-93, keeping in view the proportionate strength of various parties/groups in the House.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the provisions of Rules 228, 230, 230-B and 260-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly in-so-far as they relate to the constitution of the-

(i) Committee on Public Accounts;

(ii) Committee on Estimates;

(iii) Committee on Public Undertakings; and

(iv) Committee on the Welfare of Schedules Castes and Scheduled Tribes,

for the year 1992-93 be suspended.

That this House authorises the Speaker, Haryana Vidhan Sabha, to nominate the Members of the aforesaid Committees for the year 1992-93, keeping in view the proportionate strength of various parties/groups in the House.

Mr. Speaker: Question is-

That the provisions of Rules 228, 230, 230-B and 260-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly in-so-far as they relate to the constitution of the-

(i) Committee on Public Accounts;

(ii) Committee on Estimates;

(iii) Committee on Public Undertakings; and

(iv) Committee on the Welfare of Schedules Castes and Scheduled Tribes,

for the year 1992-93 be suspended.

That this House authorises the Speaker, Haryana Vidhan Sabha, to nominate the Members of the aforesaid Committees for the year 1992-93, keeping in view the proportionate strength of various parties/groups in the House.

The motion was carried.

जनता पार्टी के सदस्यों के निलम्बन सम्बन्धी मामला

श्री वीरेन्द्र सिंह (नारनौंद): स्पीकर सर, कल आपने एस0जे0पी0 के मैम्बरान को भाायद भाुक्रवार तक के लिये सस्पैंड किया। आज की बिजनैस लिस्ट में 3–4 मैम्बरान के क्वै चंज थे जो कि लग हुए थे और वे स्टेट के इन्ट्रैस्ट से बिलौंग करते थे। वे जरूरी सवाल आज रह गये। आपकी रूलिंग और फैसले को हम चैलेंज नहीं करते हैं। मैं आपसे मोहतबाना गुजारि ा करना चाहता हूं कि आपने फैसला कुछ सख्त दे दिया है। अगर आप उनको कल कल की ही सजा दे देते तो ज्यादा अच्छा होता। सजपा के मैम्बरों के न होने से कुछ जरूरी सवाल रह गये हैं। मैं आपसे गुजारि ा करूंगा कि आप आपने उस फैसले को रिवाईज कीजिए और आज के दिन को भले छोड़ करके कल से उनको आने की इजाजत दे दीजिए।

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने जो कहा है उसके बारे में मैं कुछ निवेदन करना चाहता हूं।

श्री अमर सिंहः सर, अभी तो मैं भी इसी पर बोलना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः आप बैठिए। राम बिलास जी पहले बोलेंगे।

प्रो0 राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, आज आप जिस सिंहासन पर बैठे हैं और जब से आप इस सिंहासन पर आये हैं तभी से इस सदन के लोगों ने आपका सम्मान किया है। और जैसा कि आपका पिछला सारा राजनैतिक जीवन रहा है उसके हिसाब से आपके साथ सख्ती नाम का भाब्द जुड़ता नहीं है। परन्तु कल कुछ ऐसा माहौल सदन में पैदा हुआ जिसकी वजह से आपको यह फैसला लेना पड़ा हालांकि आप उस फैसले को लेने के हक में नहीं थे। आप इस चेयर पर हैं और वीरेन्द्र सिंह जी ने जो बात कही है वह मुद्दा बड़ा अहम है। आपने जो रूलिंग दी है हम उसको सिर झुका कर मानते हैं। लेकिन मैं भी आपसे गुजारि ा करूंगा कि democracy always runs through deliberations जिसमें हर पक्ष की अपनी जिम्मेवारी होती है। हरियाणा के जो हित हैं, मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा, कि उनको ध्यान में रखते हुए आप अपने फैसले पर पुनर्विचार करें।

स्पीकर साहब, इसके अलावा मेरी एक कालिंग अटैं ान मो ान थी पत्रकारों के बारे में जो मैंने आपको कल दी थी। आपने कहा था कि आप कुछ फैसला देंगे। वह भी कृपया बता दें।

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, जब आप इस चेयर पर आए तो उस वक्त हाऊस में बड़ी खु ाी की लहर थी और आज भी हम यह समझते हैं कि हमारे कस्टोडियन आप हैं। स्पीकर साहब, आप इनते लिबरल आदमी हैं पर आपने कल बहुत कठोर ऐक ान लिया है परन्तु हम उसको भी सिर झुका कर मानते हैं। स्पीकर साहब, कल पुलिस के आदमी तो बिना वर्दी के थे ही पर जो सी0आईडी0 के आदमी और मिनिस्टर्ज के गनमैन थे वे भी वर्दी में नहीं थे और वे सजपा वालों को उठाकर बाहर ले गए जोकि बहुत गलत बात है। (ाोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, अब मुख्यमंत्री जी बोलेंगे और स्पश्ट कर देंगे कि पुलिस वाले उनमें नहीं थे। (विध्न) अब आनरेबल मैम्बर्ज ओर मिनिस्टर्ज गडबड़ा गए हैं। (विध्न) कल आप को जब यहां पर बैठना पड़ेगा तो आपका क्या हाल होगा? इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि थोड़ा सा नर्म ऐक ान लेकर जो अपोजी ान (सजपा विधायकों) को निकाला है उस फैसले को बहाल करें। रूलिंग पार्टी के लोग मद–मस्त हाथी पर सवार हो जाते हैं इसलिए उनको जमीन पर लाने के लिए अपोजी ान पार्टी की जरूरत होती है। अध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज करता हूं कि अपने ऐक ान को नर्म करें और आगे के लिए उनको बुला लें।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, जो मेरे से पहले मैम्बर साहेबान ने कहा मैं उसका समर्थन करती हूं। आपने कल जो फैसला दिया उसके लिए हम यही प्रार्थना कर सकते हैं कि इतनी

लम्बी सजा नहीं देनी चाहिए। प्रजातन्त्र में जो लोगों द्वारा चुने हुए मैम्बर्ज हैं अगर वे कोई गलती करते हैं तो उनको माफ कर देना चाहिए। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप उनको वापिस बुलायें। अध्यक्ष महोदय, जो सी0आई0डी0 के लोग कल इस हाऊस में आ गये थे, उनके बारे में भी मुझे कहना है कि अगर वह सिक्योरिटी के काम में रहें तो ठीक है क्योंकि आज के हालात ही ऐसे हैं। इसलिए इसमें हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन अगर चैम्बर में हमें उनकी उपस्थिति दिखाई देती है तो मैं समझती हूं कि यह आपके लिए और आपके अधिकारियों को भी चुनौती हो जाती है और मैम्बर साहेबान के लिए भी यह ठीक बात नहीं है। इसलिए मैं चाहूंगी कि जो सिक्योरिटी के लोग हैं वह किसी भी लोबीज में, चैम्बर के अन्दर न आयें, यही मेरी आपसे प्रार्थना है। इसके अलावा मैं एक बात और कहना चाहती हूं कि जगह कम होने की वजह से टेलीफोन की सुविधा भी कम है। कमेटियों के चेयरमैन के पास कमरे ही नहीं हैं इसलिए अगर लौबीज में टेलीफोन होंगे तो हमें टेलीफोन करने में सुविधा होगी। इसलिए यह जरूरी है कि लौबीज में भी टेलीफोन की व्यवस्था होनी चाहिए। प्र ाासन तो कुछ करता ही नहीं है। अगर हम कह देते हैं तो कुछ काम कर देता है वरना फाइल मिट्टी में पड़ी रहती है। यह टेलीफोन की व्यवस्था इसलिए जरूरी है क्योंकि हमें यहां से लोगों के काम करवाने के लिए टेलीफोन करने पड़ते हैं। अतः एक बार फिर मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि आप अपने फैसले पर दोबारा विचार करें इसके लिए हम आपके कृतज्ञ होंगे।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, सभी पार्टियों के लीडर साहेबान ने अपोजी ान के बारे में कहा कि जो एस0जे0पी0 के मैम्बर ससपैन्ड किये गये हैं, उनको वापस बुलाया जाये। अध्यक्ष महोदय, हम भी इस बात को मानते हैं कि प्रजातंत्र में अपोजी ान का होना उतना ही जरूरी है जितना सरकार का, लेकिन अपोजी ान का भी एक रोल होता है, कुछ मर्यादाएं होती हैं, कुछ असूल होते हैं, कुछ सिद्धांत होते हैं। उसके मुताबिक वह कार्यवाही करें, सरकार की आलोचना करें लेकिन बार–बार स्पीकर के आदे ा की अवहेलना करना, स्पीकर के बार–बार समझाने के बावजूद उनका रवैया कैसा रहा, कितना भद्दा रहा यह सारा हाउस, प्रैस के महानुभाव तथा अन्य महानुभाव जानते हैं। लेकिन फिर भी हम कहते हैं कि अपोजी ान के नेता यदि स्पीकर साहब के पास जाकर गांरटी दे दें और साथ में इस बात को महसूस करें कि हमने जो कुछ किया था, उसको हम भविश्य में नहीं करेंगे तो मैं भी स्पीकर साहब से कहूंगा कि उनको हाउस में बुला लें। अध्यक्ष महोदय, एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि सी0आई0डी0 का कोई आदमी आपकी इजाजत के बगैर हाउस में नहीं आ सकता और न ही कोई सी0आई0डी0 का आदमी हाउस में आया।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, एक मंत्री को भी तो उन्होंने इस हाउस से उठा लिया था।

चौधरी भजन लालः क्या सी0आई0डी0 वाले मंत्री जी को जानते नहीं हैं? यह उठाने वाले लोग सजपा के ही थे। अध्यक्ष

महोदय, सी0आई0डी0 का या पुलिस के अधिकारी का रत्ती भर भी दोश नहीं है। कोई भी हाउस के अन्दर नहीं आया। इन्होंने कहा कि कमान्डोज भी लौबी में बैठे थे। आप जाकर देखें कमान्डोज लौबी में कभी नहीं आ सकते। वह तो अपनी एक लिमिट तक ही आ सकते हैं उससे आगे नहीं आ सकते। अध्यक्ष महोदय, मेरा इतना ही कहना है कि जहां तक उन माननीय सदस्यों का वापस बुलाने का सवाल है आप उनसे बात कर लें और वे यदि आपसे कहें कि स्पीकर साहब, हमसे भूल हो गयी, आईन्दा से हम कायदे–कानून से बारह नहीं जायेंगे और मर्यादा में रहकर सदन को चलने देंगे तो इस फैसले को आप वापिस कर सकते हैं।

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने यह कहा है कि वे आकर आपसे माफी मांगे और हम लोग उनकी गारन्टी दें। मुख्य मंत्री जी को मैं आपके जरिये यह बताना चाहता हूं कि वे इस सदन के माननीय सदस्य हैं। वे चुनकर आये हैं। मुख्य मंत्री जी के, हमारे या आपके रहम पर वे नहीं आये हैं। वे अपने हक से यहां पर आये हैं। इसलिये माफी मांगने का तो कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। मैं यह समझता हूं कि उनकी आज तक के लिये सस्पैं ान रख लो, कल से वह रीवोक कर दी जाये। दूसरी बात मुख्य मंत्री जी ने कही कि कमांडोज जहां तक आते हैं, वहीं तक जायेंगे। बाहर की लौबी के आगे आपने एम0एल0एज0 के लिये टैलीफोन लगा रखा है। वहां पर आपने एम0एल0एज0 के बैठने के लिये सोफे डाल रखे हैं। कमांडोज का काम है खड़े

होकर डियूटी देना। कमांडोज का यह काम नहीं है कि वह सोफे पर कम्फर्टेबली बैठें। क्या वे बैठने के लिये यहां पर आते हैं? कुछ ऐडमिनिस्ट्रे ान थोड़ा बहुत हम भी जानते हैं। दूसरी बात यह है कि या तो टैलीफोन वहां से हटवा दो, हमारी लौबी में लगवा दो या कमांडोज वहां नहीं बैठने चाहिएं। यदि विधायक वहां से टैलीफोन करते हैं और मुख्य मंत्री जी यह समझते हैं कि उन्होंने कमांडोज टैलीफोन सुनने के लिये बिठा रखे हैं तो मैं यह कहूंगा कि हमको भी कई बार वहां पर टैलीफोन के लिये जाना पड़ता है। अकेले रूलिंग पार्टी की वजह से हम इस किस्म की बात बर्दा त नहीं कर सकते। हमारी कोआप्रे ान का सरकार नाजायज फायदा उठाने की कोि ा ा न करे। अगर मुख्य मंत्री जी को एम0एल0एज0 से ही खतरा है तो सक एम0एल0एज0 को हाउस से निकाल दो, अपने आप ही बैठकर फैसले कर लो। यह कैसे चलेगा? या तो कमांडोज को वहां से हटाओ या टैलीफोन को लौबी के अन्दर लाओ ताकि एम0एल0एज0 आराम से फोन कर सकें। यह नहीं हो सकता। कल वाली बात ठीक नहीं थी इसलिये हमने उसको स्पोर्ट कब किया? (व्यवधान) बिल्कुल बगैर माफी मांगे आयेंगे। आज तक किसी सदन की यह मर्यादा नहीं है कि कोई मैम्बर माफी मांग कर वापिस आया हो। हाउस उनको सस्पैंड करता है। जिस किसी को भी करता है। हाउस ही उनकी सस्पैं ान को रिवोक करता है यहां पर कोई डिक्टेटरि ाप तो है नहीं। यहां पर डैमोक्रेसी है। डैमोक्रेसी में सभी बातें होंगी। हर तरह की बातें होती हैं। दूसरी बात यह है, जैसे मुख्य मंत्री जी ने

कहा कि यहां पर पुलिस वाले नहीं आये। मैं एक बात कहूंगा कि इजाजत के बगैर पुलिस वाले अन्दर कभी नहीं आयेंगे। यह बात ठीक है कि आपकी इजाजत से या बगैर इजाजत से पुलिस वाले यहां पर नहीं आने चाहियें। यह सदन की मर्यादा की बात है। पुलिस वाले अन्दर आये हैं, इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता। (व्यवधान) चलो, अगर आप कहते हो कि नहीं आये, आप कहो लेकिन हम यह कहते हैं कि वे आये हैं। हम तो अपनी बात को सही मानते हैं और हमे ाा सही बात कहते हैं। इसलिए मैं तो यह निवेदन करूंगा कि बाहर से कमांडोज को उठाकर दूसरी तरफ बिठाओ। मुख्य मन्त्री जी को भी महफूज रखो। अगर ज्यादा ही खतरा है तो मुख्य मन्त्री जी के चारों तरफ इन मिनिस्टर्ज को हटा कर कमांडोज को बिठा दो। अगर ज्यादा ही खतरा है तो ऐसा कर दो या फिर उस टैलीफोन को वहां से हटाकर हमारी लौबी में लगवा दो। आज तक की उनकी सस्पैं ान रख लो। कल से उनकी सस्पैं ान रिवोक कर दो। यह हमारी आपसे प्रार्थना है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, चौधरी बंसी लाल जी बहुत साल तक मुख्य मन्त्री भी रहे और रक्षा मंत्री भी रहे हैं। बहुत अच्छे ऐडमिनिस्ट्रेटर भी रहे हैं। लेकिन मु कल क्या है कि इन्सान जब कुर्सी से उतर जाता है तो अपनी सारी पिछली कारगुजारियां भूल जाता है। जब मुख्य मंत्री चौधरी बंसी लाल जी थे तो मैं इनसे यह कहना चाहता हूं कि इनकी सी0आई0डी0 के लोग बाकायदा लौबी के अन्दर बैठा करते थे। हम भी इनके साथ

मंत्री थे, हमें सारी बातों का पता है। इन्होंने पुलिस राज बना रखा था। यह सही बात है। (विध्न) मैंने यह नहीं कहा कि मेरे से माफी मांगे, मैंने यह भी नहीं कहा कि हाउस से माफी मांगे। स्पीकर साहब ने उनको सस्पैंड किया है। उन्होंने स्पीकर साहब के आदे ा की बार–बार अवहेलना की है। क्या स्पीकर साहब की वह तसल्ली नहीं करायेंगे? स्पीकर साहब की तसल्ली कराना निहायत जरूरी है। स्पीकर साहब की तसल्ली हो जाये कि वे हाउस की कार्यवाही मर्यादा में चलने देंगे तो हम भी स्पीकर साहब को यह निवेदन करेंगे कि उनकी जो सस्पैं ान है, उसको आप रिवोक कर दो। उनको हाउस में आने दो। हमें इसमें कोई एतराज नहीं है।

श्री बंसी लालः आन ए प्वायंट आफ पर्सनल ऐक्सपलेने ान, सर। स्पीकर साहब, मेरे राज में कोई भी सी0आई0डी0 का आदमी लौबी में नहीं आया। यह तो प्रथा चौधरी भजन लाल जी ने चलायी है कि गैलरीज में भी सी0आई0डी0 के लोग बिठा रखे हैं। सी0आई0डी0 वाले भी बैठे हुए हैं और पुलिस वाले भी बैठे हुए हैं। अभी भी मैंने बहुत सी बातें कहनी हैं लेकिन जब वक्त आयेगा तो कहेंगे। सारी अफसर गैलरी में सी0आई0डी0 वाले बिठा रखे हैं। अब मैं आपसे यही प्रार्थना करूंगा कि आज तक की उनकी सस्पैं ान कायम रख लो और कल से उनकी सस्पैं ान रिवोक कर दो।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, बार बार चौधरी बंसी लाल जी इस मामले को उठा रहे हैं कि चौधरी भजन लाल

के वक्त में पुलिस का राज है पर ये अपना समय भूल गये हैं कि इनके अपने राज में क्या था? साथ में इन्होंने यह भी कहा कि यह प्रथा चौधरी भजन लाल जी ने डाल रखी थी कि जो भी पुलिस अफसर हो, वह आफिसर्ज गैलरी में बैठेगा। स्पीकर साहब, आप अच्छी प्रकार से जानते हैं कि कौन पुलिस अधिकारी गैलरी में बैठ सकता है। डी0आई0जी0 रैन्क का आदमी गैलरी में बैठ सकता है लेकिन मैं बताता हूं कि इनके राज में तो ए0एस0आई0 और एस0आई0 रैन्क तक के आदमी आफिसर्ज गैलरी में बैठा करते थे। अब ये पता नहीं किस नजरिये से यह बात कह रहे हैं कि मेरे राज में पुलिस राज है। असल में तो पुलिस राज इनके वकत में था। मैं बताना चाहता हूं कि जब ये चीफ मिनिस्टर थे, मैं मन्त्री था। मेरे पीछे इन्होंने तीन–तीन जीपें और तीन–तीन कारें सी0आई0डी0 की लगा रखी थीं। ये अपना जमाना भूल गये हैं कि ये क्या करते थे? जहां तक कमांडोज का टेलीफोन के पास बैठने का ताल्लुक हैं जिनके कारण से इनको या दूसरे मैम्बर साहेबान को दिक्कत होती है, इस बारे में, मैं अभी आदे ा दे देता हूं ताकि आप लोगों को कोई दिक्कत न हो। मुझे अभी तक इस बात का पता नहीं है। मैं पता करके उन्हें आदे ा दे दूंगा कि वे वहां न बैठा करें।

श्री बंसी लालः मैंने कल उन से यह बात कही थी कि आप बाहर की तरफ कुर्सी डाल लो और वहां बैठा करो। हमारी तो इतनी प्रार्थना है कि उनको बाहर कुर्सियों पर बैठा दो। हमें

कोई ऐतराज नहीं है। मैंने स्पीकर साहब से भी इस बारे में बात की थी।

चौधरी भजन लालः हम अभी हिदायतें कर देंगे कि वे टेलीफोन के पास न बैंठें।

श्री अध्यक्षः मैम्बर साहेबान, कल मैंने अपोजी ान के चौधरी बंसी लाल जी, श्रीमती चन्द्रावती जी, प्रोफेसर राम बिलास भार्मा व चौधरी सम्पत सिंह जी को अपने चैम्बर में बुलाया था और उन से प्रार्थना की थी कि सभी की ओर से हाउस के अन्दर ठीक ढंग का बीहेवीअर होना चाहिये। ऐसी बातें नहीं होनी चाहियें कि किसी को यहां पर बोलने भी न दिया जाए और फिर स्पीकर के डिसीजन को भी न माना जाए। सिवाये श्री सम्पत सिंह जी के बाकी तीनों लीडर्ज ने मुझे वि वास दिया था कि उन्होंने कोई ऐसी बात नहीं की, न ही करेंगे। चौधरी बंसी लाल जी, राम बिलास जी और श्रीमती चन्द्रावती जी ने भी सम्पत सिंह जी को कहा कि आप स्पीकर साहब की बात मानो लेकिन उन्होंने कहा कि हम तो यह बात नहीं मानते और न ही हम हाउस को चलने देंगे जब तक कि हमारा ऐडजर्नमैंट मो ान ऐडमिट नहीं किया जाता। वे बिल्कुल परसिसटैन्ट थे। उसी वक्त मैंने उन से कहा था कि अगर आप ऐसा करोगे, मर्यादा में नहीं रहेंगे तो हम आपको नेम करगें और हाउस से भी मजबूरन हमें आपको सस्पैंड करना पड़ेगा। इस तरह की मेरी उनसे सारी बात हुई है। आपको पता है कि उन्हें यहां पर बार बार वार्न भी किया गया लेकिन जब वे नहीं

माने तो हमें उनके खिलाफ ऐक ान लेना पड़ा और सारे हाउस ने उसकी कंकरैन्स दी। तो यह डिसीजन हाउस का डिसीजन है और मैं यह समझता हूं कि यह डिसीजन जायज है। आज भी उनकी पार्टी के एक सम0एल0ए0 श्री अमर सिंह ढांडे क्वै चन आवर में हाउस की प्रोसीडिंग्ज को डिस्टर्ब करते रहे। वही रवैय्या श्री अमर सिंह ने दिखाया जो उनकी पार्टी के दूसरे सदस्यों ने कल यहां पर दिखाया था। साहबान, जुर्म नीयत पर निर्भर होता है और वे नीयतन बाकायदा उसी तरह की योजना बनाकर के, जो उनके दिल में था कहने के लिये यहां आए थे ताकि हाउस की प्रोसीडिंग्स को स्टाल किया जाए। वे अकेले नहीं आये बल्कि उनके लीडर ने, जैसा मैं अन्दाजा लगा सकता हूं, उनको प्लैनिंग बनाकर के यहां पर भेजा था कि आपने भी उसी तरह से करना है और वे उसी प्लान के तहत यहां आए। उन्होंने यहां आ कर नारे लगाए और वे उनकी तरह से उसी ढंग से वापिस गए। अभी उनका एक मैम्बर और बाकी रहता है। हो सकता है वह भी कल या परसों आए। इसलिए मैं समझता हूं कि हाउस का डिसीजन सही है।

श्री बंसी लालः स्पीकर साहब, आप इसमें एक अमैंडमैंट कर दो कि यह सिर्फ रूलिंग पार्टी का फैसला है क्योंकि हम तो उस समय हाउस में हाजिर नहीं थे। उनको बाहर निकालने का फैसला हमारा नहीं था, रूलिंग पार्टी का है। हम तो उससे पहले वाक आउट कर गए थे।

श्री अध्यक्षः ठीक है। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि यहां हाउस में वाच एंड वार्ड स्टाफ की डियूटी है और उन्होंने अपनी डियूटी की। उसके बाद वे हालात को देखते हुए बाहर चले गए।

विभिन्न विशयों का उठाया जाना

श्री बंसी लालः स्पीकर साहब, हमारा एक ऐडजर्नमैंट मो ान था कि जिला फरीदाबाद में पलवल के नजदीक एक गांव में भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा को कुछ लोगों ने तोड़ दिया है। यह एक बहुत बुरा काम किया गया है। इसको लेकर वहां पर ला एंड आर्डर सिचुए ान बिगड़ने की हालत आ गई है। इसलिए मैं चाहूंगा कि सदन की कार्यवाही को सस्पैंड करके फौरी तौर पर इस पर डिस्क ान की जाए। डा0 अम्बेदकर के स्टैच्यू को इस तरह से तोड़ने में बहुत सी बातें आती हैं। इसमें ऐडमिनिस्ट्रे ान की बातें भी आएंगी और दूसरी बातें भी आएंगी। इसलिए मैं दर्खास्त करता हूं कि हमारे ऐडजर्नमैंट मो ान को ऐडमिट करके इस पर डिस्क ान करवा दें।

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, इसमें ज्यादा बहस की बात नहीं। मेरी प्रार्थना है कि आप इसको कालिंग अटैन ान मो ान के रूप में ऐडमिट कर लें और कल को हम इसका जवाब दे देंगे।

श्री बंसी लालः स्पीकर साहब, ऐडजर्नमैंट मो ान पर तो अभी डिस्क ान होनी चाहिए।

श्री अध्यक्षः यह ऐडजर्नमैंट मो ान नहीं है बल्कि यह तो कालिंग अटैन ान मो ान है। चीफ मिनिस्टर साहब ऐग्री कर गए हैं कि इसको एडमिट कर लिया जाए। मैं इसको कल के लिए ऐडमिट करता हूं।

चौधरी भजन लालः ठीक है जी, हम इसका जवाब कल दे देंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, यह ऐडजर्नमैंट मो ान है और इसके मूवर मिस्टर दलाल है।

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, यह कालिंग अटैन ान मो ान ही है। जो कागज मेरे पास हैं इस पर कालिंग अटैन ान मो ान लिखा हुआ है। अगर ऐडजर्नमैंट मो ान भी दिया हो तो भी उसको कालिंग अटैन ान मो ान में कनवर्ट करने की पावर स्पीकर को है लेकिन इस पर कालिंग अटैन ान मो ान ही लिखा हुआ है। लास्ट में इस पर इन्होंने ऐडजर्नमैंट मो ान भी लिख दिया है।

साथी लहरी सिंहः स्पीकर साहब, इस मो ान में लिखा गया है कि यह अन्याय हुआ है और सदन की बाकी कार्यवाही को रोक कर इस पर तुरन्त विचार किया जाए।

श्री अध्यक्षः इसके बारे में मैंने पहले ही कह दिया है। इस पर अब और बहस की जरूरत नहीं है।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, इस समय 10+2 के इम्तिहान चल रहे हैं और उनमें नकल ही नकल हो रही है। इस बारे में मैंने एक कालिंग अटैंशन मोशन का नोटिस दिया था। उसके बारे में आपने क्या फैसला लिया है?

श्री अध्यक्षः वह अभी अंडर कंसिड्रेशन है।

दैनिक ट्रिब्यून, रोहतक के संवाददाता, श्री सतपाल सैनी का अपमान किए जाने सम्बन्धी मामला

11.00 बजे

प्रो0 राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, मैंने कल आपकी सेवा में रूल्ज औफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट औफ बिजनस के रूल 73 के तहत एक कालिंग अटैंशन मोशन को नोटिस दिया था। रोहतक में दैनिक ट्रिब्यून के मुअजिज पत्रकार श्री सत पाल सैनी को बड़े बेईज्जत ढंग से आंतकित करके गिरफ्तार किया गया और पूरी बार ऐसोसिएशन ने उसकी निन्दा की है। पुलिस ने उसको चार घंटे तक बैठाए रखा और उसको जमानत होने के बाद भी नहीं छोड़ा गया। उसको पुलिस वाले उसके काम करने के औफिस से निकाल कर ले गए। अगर पत्रकारों के साथ, सच्चाई लिखने वालों के साथ, इस तरह का व्यवहार होगा तो यह बहुत बुरी बात है। इस मामले में मैंने जो कालिंग अटैंशन मोशन का नोटिस

दिया था उसके बारे में आपने क्या फैसला किया है? आप आज हर फैसला बड़ी नरमाई के साथ कर रहे हैं। इसलिए आप मेरा कालिंग अटैं ान मो ान मंजूर करें और सरकार इस बारे में अपनी स्थिति स्पश्ट कर दे।

श्री अध्यक्षः भार्मा जी, वह मैंने गवर्नमैंट के पास कमैंटस के लिए भेजा हुआ है। लेकिन अगर चीफ मिनिस्टर साहब इस बारे में कुछ कहना चाहें तो कह सकते हैं।

वक्तव्य–

मुख्य मन्त्री द्वारा उपर्युक्त विशय सम्बन्धी

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, रोहतक के पत्रकार श्री सत पाल सैनी की गिरफ्तारी के बारे में मैंने भी पता किया है और मुझे जानकारी मिली है कि उनके खिलाफ किसी अधिकारी ने कोर्ट में एक प्राइवेट इस्तगासा फाइल किया और कोर्ट से उनके खिलाफ बिना जमानत के वारंट जारी हो गए इसलिए पुलिस ने उनको गिरफ्तार किया। बाद में उनकी जमानत हो गई और जमानत होने के बाद उनको छोड़ दिया गया। इस मामले के बारे में ज्यादा कुछ कहना ठीक नहीं रहेगा क्योंकि यह मामला सबजुडिस है। जो बात श्री राम बिलास भार्मा जी ने कही है उसकी हम जांच कर लेंगे कि इसमें किसका कितना कसूर है। वाकई में इसमें पुलिस का फाल्ट है तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही करेंगे। किसी को माफ करने का कोई सवाल ही पैदा

नहीं होता। मैं पत्रकारिता और पत्रकारों का बहुत आदर करता हूं। किसी के साथ किसी प्रकार की कोई ज्यादती हो यह अच्छी बात नहीं है।

राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)

Mr. Speaker: Hon'ble members, now, discussion on the Governor's Address will be resumed.

प्रो0 राम बिलास भार्मा (महेन्द्रगढ़): अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के राज्यपाल महोदय ने 9 मार्च को अपनी सरकार के संबंध में एक भाशण यहां सदन के पढ़ा और उन्होंने अपने अभिभाशण में सबसे ज्यादा यह चर्चा की है कि इस साल हरियाणा प्रान्त अपनी रजत जयंती मना रहा है।

श्री अध्यक्ष: भार्मा जी, आपको बोलने के लिए 15 मिनट का टाईम मुकर्रर है इसलिए आप 15 मिनट में ही अपनी स्पीच समाप्त कर दें।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, अभी तो मेरा तवा गर्म नहीं हुआ है, अभी तो मैंने बोहणी की है और आपने मुझे बीच में ही टोक दिया। तो अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि इस वर्श हरियाणा सरकार रजत जयंती मना रही है। यह खु ाी मनाने का साल है। अध्यक्ष महोदय, 25 साल बीत गए और अब ये रजत जयंती मना रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, आप ओर हम सभी अपने अपने बेटे बेटियों की भाादियां करते हैं। अगर कोई घर वाला

अपने बेटे या बेअी की भाादी किसी धर्म ाला में करे और फिर भी वह यह कहे कि मेरा बसा हुआ घर है और मैं रजत जयंती मना रहा हूं तो यह बात जंचती नहीं। अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, जिस समय हरियाणा प्रान्त बना उस समय इस प्रदे ा में में विकास नाम की काई चीज नहीं थी। हरियाणा का किसान, मजदूर और हरिजन बहुत मेहनती है उसने अपने खून पसीने की कमाई से हरियाणा प्रान्त के विकास में अपना योगदान दिया है। प्रजातंत्र को बचाने के लिए दिल्ली की रखवाली की। कुछ लोगों ने खालिस्तान की मांग को लेकर हिन्दुस्तान की प्रधान मंत्री तक को नहीं बख्भाा। सरदार हरचन्द सिंह लौंगोवाल को नहीं बख्भाा, मेरी पार्टी के पंजाब ईकाई के प्रधान श्री हित अभिलाशी तायल को नहीं बख्भाा। यहां के लोगों ने जब एि ायाई खेलों के दौरान गड़बड़ करने की कोि ा ा की तो उन खेलों को ठीक ढंग से करने के लिए व्यवस्था की लेकिन उनको यह ईनाम दिया गया। अब ये रजत जयन्ती मना रहे हैं लेकिन आज तक राजधानी का मसला नहीं सुलझा और न ही हमें अपने पानी का हिस्सा मिल सका। अध्यक्ष महोदय, आज हरियाणा के पांच जिले ऐसे हैं जहां पर पानी की बहुत कमी है। ये हैं महेन्द्रगढ़, भिवानी, रिवाड़ी, मेवात का एरिया और रोहतक जिले का कोसली का इलाका। जेठ और बै ाख में वहां पर पानी की बहुत कमी बनी रहती है। उस समय पानी की कमी का आप अन्दाजा नहीं लगा सकते क्योंकि आप तो खादर के तराई इलाके के रहने वाले हैं। इन दो महीने में वहां पर लोग ऊंटों पर राजस्थान की सीमा से जा कर पानी

लाते हैं लेकिन सरकार एस0वाई0एल0 को कम्पलीट करा कर पानी नहीं ला सकती। आखिर न्याय मिलने की भी एक सीमा होती है। It is said that justice delyaed is justice denied. अध्यक्ष महोदय यह एक यूनिवर्सल फैक्ट है। इसके लिए जो हम पुराने लोग यहां बैठे हैं सभी जिम्मेवार हैं। कई बार चौधरी बंसी लाल जी भी मुख्य मन्त्री रहे हैं और चौधरी भजन लाल जी भी पहले मुख्य मन्त्री ाि और आज भी मुख्य मन्त्री की कुर्सी पर विराजमान हैं। इसके अलावा पिछली जो सरकार थी, जिसमें हम भी कुछ समय के लिए भागीदार थे, उस में भी हमारा बड़सी का हल था–डंगवारा था। इस बात के बारे में हमें मानना पड़ेगा कि पिछले 26 सालों में हरियाणा के लोगों को जो एस0वाई0एल0 नहर का पानी मिलना चाहिए था उसके न मिलने के लिए हम सब गुनाहगार हैं लेकिन सबसे ज्यादा गुनाहगार तो कांग्रेस पार्टी है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही हमे ाा केन्द्र में और हरियाणा में हकूमत में रही है। पंजाब में भी कांग्रेस पार्टी सत्ता में रही है। आज तो तीनों जगह कांग्रेस पार्टी ही सत्ता में है। आज हरियाणा के पास कहने के लिए कोई मुद्दा नहीं है कि किसी दूसरी जगह पर दूसरी पार्टी सत्ता में है। अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण के दूसरे पैराग्राफ में पंजाब की जनता को बधाई दी है कि वहां पर भाान्तिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हुए हैं। मैं कहता हूं कि यदि सबसे पहले वहां पर किसी को बधाई देनी चाहिए तो वह मेरी पार्टी को मिलनी चाहिए क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी चुनाव न लड़ती तो वहां पर चुनाव ही नहीं होते। जब 1991 में पंजाब में चुनाव हो

रहे थे तो उस समय कांग्रेस पार्टी डर के मारे चुनाव से बायकाट कर गई थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की चिता को कंधे पर उठा कर चल रही थी और कह रही थी कि पंजाब को भारत के नक ो के कटने नहीं दिया जायेगा। मौत के सामने हम खड़े रहे और चुनाव लड़ा। हम उस समय भी चुनाव मैदान में थे और अब भी चुनावों में मौजूद थे। हमारी पार्टी का डर कर भागने का सवाल ही नहीं है।

राजस्व मन्त्री (चौधरी वीरेन्द्र सिंह): आपकी पार्टी तो चुनाव हार गई।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: वहां पर हार जीत का सवाल नहीं है। सवाल तो लीडर की विल पावर का है। भारतीय जनता पार्टी अगर इस बार चुनाव नहीं लड़ती तो वहां पर चुनाव नहीं होते। इन चुनावों में हमारे आदमी मारे गए हैं।

चौधरी वीरेन्द्र सिंह: भारतीय जनता पार्टी ने ही तो वहां पर हालात खराब किए हैं और अब यहां पर भी हालात आप की पार्टी ही खराब करेगी।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: हालात खराब भारतीय जनता पार्टी ने नहीं किए बल्कि कांग्रेस पार्टी ने किए हैं। अध्यक्ष महोदय, पंजाब में भाान्तिपूर्वक चुनाव होने के लिए भारतीय जनता पार्टी को बधाई देनी चाहिए। हम सभी लोगों के भाुभचिन्तक हैं। भारतीय जनता पार्टी का वि वास है कि हम भारत के लोगों को

भरोसा ले करके सदन में आयें। 26 साल के बाद रजत जयन्ती साल पर भी हमें यदि न्याय नहीं मिल पाया तो सोचना तो पड़ता ही है। अध्यक्ष महोदय, आज हमारे हरियाणा की सरकार, कांग्रेस की सरकार इस तरह से व्यवहार कर रही है। इनके माननीय मन्त्री इस तरह से बयानात दे रहे हैं जो कि हरियाणा के हितों को चोट पहुंचा रहे हैं। कुछ लोग तो कह रहे हैं कि चुनाव से पहले चण्डीगढ़ के मसले पर सरकार ने स्टैंड दिखाया, लोगों को तसल्ली हुई थी कि सरकार हरियाणा के हितों के लिए अड़ी हुई है। स्पीकर साहब, अब जो इनका व्यवहार है उससे ऐसा लगता है कि अब ऐसी बात नहीं रही। हमने अपनी बात कहने के लिए आपके माध्यम से ऐडजर्नमैंट मो ान भी दिया था लेकिन उस पर आपने फैसला दे दिया है और उसे ऐडमिट नहीं किया। सप्ताह भर से अखबारों में बार बार इस बारे में आ रहा है, समझदार पत्रकार जो लिख रहे हैं उससे ऐसा आभास होता है कि हरियाणा के हित कुर्बान किये जा रहे हैं। माननीय मन्त्रियों के ब्यान जो आ रहे हैं उनसे ऐसा आभास होता है कि सरकार अपना स्टैंड बदल रही है। हरियाणा चण्डीगढ़ से अपना क्लेम छोड़ रहा है, अबोहर–फाजिल्का से भी दावा छोड़ रहा है। स्पीकर साहब, ये लोग स्टैंड़ बदल कर हरियाणा के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हम लोग यह जानना चाहते हैं कि सरकार का इन सभी मुद्दों पर स्टैंड़ क्या है? (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए)

सिंचाई तथा बिजली मन्त्री (श्री भाम ोर सिंह सुरजेवाला): आन ए प्वायंट औफ आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, जो बात हमारे माननीय साथी भावुक्ता में कह रहे हैं वह बिल्कुल गलत है और इसमें कोई तथ्य नहीं है। हरियाणा ने न तो चण्डीगढ़ पर अपना क्लेम छोड़ा है न ही फाजिल्का–अबोहर या हिन्दी स्पीकिंग एरियाज पर कोई स्टैंड़ बदला है। ऐसी कोई बात नहीं है। ये फैक्ट्स को तोड–मरोड़ कर अपना राजनैतिक उल्लू सीधा करने के लिए ऐसी बातें कह रहे हैं जो कि बिल्कुल गलत बात है। (विध्न)

साथी लहरी सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, माननीय मन्त्री जी बीच में खड़े हो कर विपक्ष के माननीय सदस्य का टाईम खराब कर रहे हैं। (विध्न) आज के अखबार में भी इस बारे में छपा है। ये विपक्ष को गुमराह कर रहे हैं और ''इन्दिरा अवार्ड'' को लागू करवाने की समस्या को उलझा रहे हैं। जब विपक्ष ''इन्दिरा अवार्ड'' को लागू करना चाहता है तो सरकार क्यों बार बार स्टैंड बदल रही है? माननीय मुख्य मन्त्री जी कुछ कहते हैं और मन्त्री कुछ और ही कह रहे हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बारे में सरकार स्पश्टीकरण दे दे क्योंकि मुख्य मन्त्री जी कुछ कहते हैं और सुरजेवाला जी कुछ और कहते हैं। (विध्न)

प्रो0 राम बिलास भार्मा: डिप्टी स्पीकर साहब, सुरजेवाला साहब कहते हैं कि हम प्रचार कर रहे हैं। ये अपनी बात को खुद ही अहमियत नहीं देते हैं लेकिन इनके मुंह से जो भी बात

निकलती है हम उसको पूरी अहमियत देते हैं। यह दैनिक ट्रिब्यून अखबार है। इस में छपी खबर की कोई कन्ट्राडिक ान नहीं है। इसके हैडिंग में लिखा है कि ''हरियाणा पानी के लिए चण्डीगढ़ छोड़ने के लिए तैयार'' कलायत की रैली में माननीय सदस्यों के फोटो भी छपे हैं हाथ मिलाए हुए जो कि कह रहे हैं कि वे चण्डीगढ़ छोडने के लिए तैयार नहीं है। अगर यह बात ठीक है तो यह बहुत अच्छी बात है। हरियाणा के हितो के मामलों में कोई पक्ष विपक्ष की बात नहीं है। अगर हम सब की भी जरूरत पड़े तो हम सभी तैयार हैं। प्रधान मन्त्री जी से मिलने की जरूरत हो तो उसके लिए भी हम तैयार हैं। इस समय हम सब को मिल कर एक ही स्टैंड लेना चाहिए और उसका फैसला करवाना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, धीरे धीरे लोगों के मन में एक बात आ रही है कि सब लोगों को देख लिया है लेकिन यह मसला सुलझ नहीं पाया है इसलिए लोग अब सैंटर में बी0जे0पी0 को एक चांस देने को तैयार हैं। (विध्न) और बी0जे0पी0 में ही इस समस्या को सुलझाने की विल पावर है। लोग यह कहने लगे हैं कि कांग्रेस समस्याओं को सुलझा नहीं सकती है। चाहे वह कावेरी जल विवाद हो, चाहे राजस्थान की समस्या हो, चाहे अबोहर–फाजिल्का की समस्या हो वह बी0जे0पी0 ही सुलझा सकती है। जब बी0जे0पी0 का मीर में झंडा लहरा सकती है तो यहां यह मुद्दा क्यों नहीं उठा सकती है? (ाोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष जी, ये क्यों बार–बार बीच में बोलने लग पड़ते हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री भाम ोर सिंह सुरजेवालाः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। उपाध्यक्ष महोदय, अगर भार्मा जी नै ानल और इन्टरनै ानल समस्याओं की बात करेंगे कि बी0जे0पी0 एक मात्र पार्टी है जो समस्याएं सुलझाएगी तो हम भी ने ानल और इन्टरनै ानल बातें कर सकते हैं। उपाध्यक्ष महोदय, जब ये का मीर में झण्डा लहराने गए थे तो दूसरे मुल्कों और पाकिस्तान ने काफी बड़ा थ्रैट पैदा कर दिया था बड़ी मु कल से लड़ाई होते होते रूकी इसलिए कृपा करके ये अपने कदम वहां न रखे।

प्रो0 राम बिलास भार्माः उपाध्यक्ष महोदय, जब इनका टाईम आएगा तो जवाब दें। अभी मुझे बोलने दें। उपाध्यक्ष महोदय, सुरजेवाला जी के ध्यान में लाना होगा कि का मीर में बी0जे0पी0 ने ही झण्डा लहराया। (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: No interruptions please.

प्रो0 राम बिलास भार्माः जादू उसको कहना चाहिए जो सिर पर चढ़कर बोले। उस झण्डे को लहराने का फायदा हुआ है। वहां झण्डा लहराने के बाद पाकिस्तान के प्रधान मन्त्री को अपने यहां हड़ताल करवानी पड़ी। उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय के अभिभाशण में चर्चा की गई है कि महिलाओं के लिए स्कूलों की संख्या बढ़ी है। यह संख्या जरूर बढ़ी है लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, कानून की जो स्थिति है, उसकी पिछले सै ान में भी कुछ चर्चा आई थी। कुछ दिनों से हरियाणा में जुल्म बढ़े हैं। एक घटना अभी हाल में 29 फरवरी को हुई। एक 22 साल की हरिजन

युवती संतोश जो नारायणगढ़ के पास संग्राणी गांव की थी, के साथ 4–5 दुश्टों नथा खां, नथ्थू खां और सत्तार खां आदि ने मुंह काला किया। वह लड़की खेत में काम कर रही थी और उपाध्यक्ष महोदय, उस गांव का सरपंच और उस औरत का पति जब पुलिस स्टे ान में रिपोर्ट करने गए तो उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं करी गई, उनकी बात नहीं सुनी गई बल्कि जब गांव का सरपंच और उस औरत का पति थाने से वापिस लौट रहे थे तो दुश्टों ने उसको जान से मार दिया। उपाध्यक्ष महोदय, पहले तो यह घटना होती है और बाद में उसके (पति को) मार भी दिया जाता है। अगर कोई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जाता है तो उसे जान से हाथ धाने पड़ते हैं ऐसी घटनाएं हो रही हैं। अटेली हल्के में पिछले महीने 22 तारीख को ही दूसरी घटना घटी। उपाध्यक्ष महोदय, मेरी जुबान इस सदन में वह चर्चा नहीं कर सकती जो वहां घटी है। परन्तु मैं यह कहे बगैर भी नहीं रह सकता कि 22 तारीख को अ ाोक नाम के फौजी ने अटेली के भूगारका गांव में लाली नाम की औरत से बलात्कार किया। लाली अपने पति छज्जू राम के साथ सोई हुई थी और अ ाोक कुमार रात को 11 बजे उसके घर गया और कहने लगा कि छज्जू राम यहां से उठो और इस विस्तर पर मुझे सोने दो। उस गरीब छज्जू राम डाकिया की आत्मा कराह उठी। वह गाली गलौच देने लगा। उपाध्यक्ष महोदय, उस लाली को उन्होंने गांव के बीच में कुएं पर लाकर मन्दिर निर्वस्त्र कर दिया, नग्न कर दिया ओर वहां उसके साथ बलात्कार किया और फिर मन्दिर में भी बलात्कार किया। अचानक एक

नौजवान भागकर पुलिस को ले आया और नांगल चौधरी की पुलिस उसको पकड़ कर ले गयी। आज पुलिस के लोग कह रहे हैं कि अ ाोक मिलिटरी से आया हुआ है और वह पागल है तथा वे लाली का चरित्र हनन कर रहे हैं। वे कहते हैं कि वह इस तरह के चरित्र की महिला है। उपाध्यक्ष महोदय, कुछ दिन पहले भूतमाजरा में कुसुम और विमला नाम की दो गरीब लड़कियां खेत में घास काट रही थी। उनको कुछ दुश्ट वहां से ले गये। उनमें से एक की ला ा, उन्होंने पानी के किनारे फैंक दी और दूसरी नौजवान बहिन का अता पता नहीं है। इस बात को हुए छः महीने से ज्यादा का समय हो गया है। जब उनके भाई और चाचा कृश्ण कुमार न्याय मांगने के लिए जाते हैं तो उनको पुलिस का अफसर कहता है कि इन लड़कियों का चरित्र संदेहास्पद था। उपाध्यक्ष महोदय, बहिनें न्याय के लिए गुहार करें और पुलिस का दारोगा उनके चरित्र का सर्टिफिकेट दे। यह महिलाओं के ऊपर बढ़ता हुआ अत्याचार है, हरिजनों के ऊपर बढ़ता हुआ अत्याचार है। पुलिस अपनी कार्यवाही से मुंह छिपाने के लिए उनके चरित्र पर संदेह पैदा कर रही है। पता नहीं जो लोग चरित्र के ठेकेदार बनते हैं उनमें से कितने लोगों का चरित्र संदेहास्पद है।

उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल ने अपने अभिभाशण में बिजली की चर्चा की है। हमारा जो बजट है उसमें बिजली के ऊपर बहुत चर्चा होता है। लगभग 60 प्रति ात पैसा बिजली व दूसरी चीजों पर खर्च होता है। हमारा राजस्थान की सीमा से

लगता हुआ जिला है। एक तो वहां पर जमीन के नीचे पानी नहीं है और दूसरे वहां पर खारा पानी मिलता है। यह तो वहां के गरीब किसान की हिम्मत है कि उसके बाद भी वह अपनी मेहनत से कुछ फसल पैदा करता है। वहां पर बिजली या तो पानीपत से जाती है या भाखड़ा से जाती है। हमारा इलाका बिल्कुल टेल पर है इसलिए मैं मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि महेन्द्रगढ़, नारनौल, अटेली, सतनाली, झोझनू, लोहारू इन सबको ज्यादातर बिजली महेन्द्रगढ़ से जाती है और वहां का जो पावर हाउस है इसकी योजना कई साल पहले बनी थी। यह योजना 220 के0वी0 की थी, जो अभी तक लागू नहीं की गयी। इसलिए इस बार भी बिजली का संकट आया। वह तो बारि ा ने किसान को बचा लिया वरना हालात खराब होते। इसलिए इस 220 के0वी0 की योजना को प्राथमिकता के आधार पर बनाना चाहिए।

चौधरी भोर सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, सामने यह लिखा हुआ है कि झूठ बोलने से पाप लगता है और मुझे लगता है कि भाई राम बिलास भार्मा ने गल्त बोलने का ठेका ले लिया है क्योंकि पूरे हरियाणा की राजनैतिक स्थिति तथा पूरे हरियाणा की लॉ एण्ड आर्डर की सिचुए ान को यह तोड़ मरोड़ कर बात रहे हैं। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, यह बड़ा सीरियस मैटर है। यह न केवल सदन को गुमराह कर रहे हैं बल्कि गल्त बात बनाकर इन्होने भूत माजरा की बात को साथ जो पिछले दो सै ान से चल रही है, उसमें आज

नारायणगढ़ की बात को भी जोड़ दिया है। इन्होंने इसको बड़े नाटकीय ढंग से कहा जबकि यह बिल्कुल झूठी बात है। वहां पर कोई कत्ल नहीं हुआ। वहां पर केवल एक लड़के ने सुसाइड किया है। फिर भी यदि उस काम में किसी का जरा सा भी कसूर था तो उन्होंने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और उनको पकड़ा गया है। यह इस तरह की बात कर रहा है जो नहीं करनी चाहिए। कभी यह कम्युनिटि का सवाल पैदा कर देता है और कभी हिन्दू मुस्लिम का। इसलिए इस तरह की बात पर रोक लगाई जाये।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: उपाध्यक्ष महोदय, सदन की कुछ मर्यादाएं हैं। यदि चौधरी भोर सिंह कुछ गैरत रखते हैं और जिस केस को यह हत्या का केस न कहकर आत्म हत्या का केस कह रहे हैं उसके लिए आप इस सदन के तीन सदस्यों की एक समिति बनायें। उन हरिजनों की न्याय मांगने के लिए हत्या कर दी गई और ये उसे आत्म हत्या का केस कह रहे हैं। इसके लिए आप एक कमेटी बनायें और जो बातें मैंने कही हैं अगर उनको वह झूठी साबित कर दे तो मैं इस्तीफा दे दूंगा वरना ये इस्तीफा दे दें। वह हरिजन इनके पास न्याय मांगने के लिए गया था, यह उसको आत्म हत्या का केस कह रहे हैं।

चौधरी भोर सिंह: उपाध्यक्ष महोदय, मैंने अम्बाला के एस0पी0 से टेलीफोन पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि मैंने केस दर्ज कर दिया है और जिसका जितना कसूर था उसके तहत उसको गिरफ्तार कर लिया है।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: स्पीकर साहब, चौधरी भोर सिंह जी ने अपनी बात कहते हुए आपके पीछे लिखे हुए हवाला दिया और घटना का जिक्र किया। इन्होंने अपनी जुबान से यह तो कबूल कर लिया कि ऐसी घटना हुई है। इस घटना के मुतालिक इनसे लोग मिल थे। एस0पी0 साहब से भी मिले और इन्होंने उस एस0पी0 को टैलीफोन भी किया था। .....

इलक्ट्रोनिक्स राज्य मन्त्री (डा0 राम प्रका ा): आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से यह प्रार्थना करूंगा कि भावावे ा में हमारे माननीय सदस्य ने भूत माजरा कांड का जिक्र करते हुए हमारी बच्चियों के बारे में ऐसे भाब्द कह दिये हैं जो इनको नहीं कहने चाहिये थे। वे भाब्द इनको वापिस लेने चाहियें। हमने उनके परिवार के लोगों से, घर के लोगों से और जनता से उन बच्चियों के बारे में पता किया है, उनमे से किसी एक ने भी यह नहीं कहा कि उनके साथ दुश्कर्म किया गया है। वे देवियां, हम सब की मां–बहिनों की और बुजुर्गों की बच्चियां हैं, उनके बारे में इस तरह के भाब्द आज तक कभी इस्तेमाल नहीं किये गये हैं। जाने कैसे उनके मुंह से ये निकल गये हैं। मैं आपके माध्यम से उनसे यह निवेदन करता हूं कि वे अपने भाब्द वापिस ले लें। अलिखित या लिखित तौर पर पुलिस को भी उनके बारे में किसी ने यह बात नहीं कही है। उस गांव के किसी परिवार के किसी भी व्यक्ति ने या इलाके के किसी भी व्यक्ति ने वैसा नहीं कहा। हर किस्म के व्यक्ति से जिनका इनसे

कुछ वास्ता था, उनसे बात हुई है लेकिन किसी ने ऐसा नहीं कहा। इसलिये मेरी प्रार्थना यह है कि वे अपने भाब्द वापिस ले लें। यह हम सब की भावना है और बात सही भी है। माननीय सदस्य की अपनी एक संस्कृति है। मैं नहीं समझता कि वे इस बारे में अपनी कोई अलग से राय रखते होंगे।

प्रो0 राम बिलास भार्माः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं आपकी इस बारे में रूलिंग चाहूंगा कि क्या कोई माननीय सदस्य अपनी बात हाउस में नहीं कह सकता? चौधरी भोर सिंह जी ने अभी इस बात को खुद कबूल किया कि संग्राणी गांव में ऐसी घटना हुई है। उन्होंने भी इस घटना के बारे में बात की है, फोन पर पुलिस कप्तान से बात की है। यह बात ये लोग यहां पर नहीं बोल सकते, नहीं उठा सकते, यह इनकी अपनी मजबूरी है। अभी डाक्टर राम प्रका ा जी बोल रहे थे। यह मानते है। कि भूत माजरा में दो लड़कियां घास काटती हुई उठा ली गयीं क्योंकि यह इनके हल्के की बात है लेकिन आज तक ये उनको बरामद नहीं करवा सके। आज मुझे उपदे ा दे रहे हैं कि ऐसे बात न करो। जब इतनी बात भी नहीं कहने देनी है तो फिर यहां पर आने का क्या फायदा है? (व्यवधान व भाोर) कांग्रेस के लोगों ने क्या यह फैसला कर लिया है कि हमें बोलने ही नहीं देना? (व्यवधान व भाोर) जब भी हम बोलते हैं तो ये खड़े हो जाते हैं। यह ठीक बात नहीं है। मैं तथ्यों के आधार पर बात कर रहा हूं। बिना तथ्यों के बात नहीं कह रहा हूं। (व्यवधान व भाोर)

श्री उपाध्यक्षः आप लोग बीच में न बोलिये, सरकार जवाब देगी।

श्रीमती चन्द्रावतीः आन ए प्वायंट आर्डर, सर। मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि माननीय सदस्य बोल रहे हैं और बीच में टोका–टाकी हो रही है। अगर कोई चीज गलत है या और कुछ है तो मुख्य मंत्री जी होम के इन्चार्ज हैं, यह जवाब दे देंगे। हर मैम्बर और हरेक कांग्रेसी मैम्बर यदि उसका जवाब देने लगेगा फिर तो किसी भी मैम्बर की स्पीच पूरी नहीं होगी और इनकी बात भी पूरी नहीं होगी। हम जो अभी बोलना चाहते हैं, हमारा नम्बर भी नहीं आयेगा। जवाब देने का काम तो मिनिस्टर साहेबान का है। हरेक मैम्बर का काम नहीं है।

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): आपकी बात सही है कि बीच में नहीं टोकना चाहिये। लेकिन यह उनके हल्के की बात थी और उनसे ताल्लुक रखती है, उनको पूरी जानकारी है, इसलिये उन्होंने प्वायंट आफ आर्डर उठाकर स्पश्टीकरण दिया। स्पश्टीकरण देना कोई बुरी बात नहीं है। मैं बाकी सदस्यों से निवेदन करूंगा कि यदि वे बीच में टोका–टोकी न करें तो अच्छी बात है।

श्री सुरजीत कुमार धीमानः डिप्टी स्पीकर साहब, संग्राणी गांव में जो कुछ केस हुआ है, उसके बारे में मैं सब कुछ जानता हूं। केस दर्ज भी हुआ लेकिन वह केस कच्चा हो गया।

यह हकीकत है कि वहां पर एक मर्डर हुआ है। वहां पर एक हरिजन लड़के का मर्डर हुआ है। मैं उस के फादर से भी मिला हूं। वे टैम्पो भरकर चौधरी भोर सिंह जी के पास भी गये थे। इन्होंने केस को कच्चा जरूर करवा दिया। (विध्न) यह मेरे हल्के की बात है। (विध्न) उपाध्यक्ष महोदय, मेरे नारायणगढ़ हल्के के पास संग्राणी गांव नहीं पड़ता है। यह गांव चौधरी भोर सिंह जी के हल्के में पड़ता है। ये मौके पर मौजूद नहीं थे। अगर ये वहां पर होते तो इनको सारी स्थिति की जानकारी हो जाती। (ाोर एवं व्यवधान)

प्रो0 राम बिलास भार्मा: उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था . . . (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: Professor Sahib, you please conclude now.

Prof. Ram Bilas Sharma: Sir, I will conclude according to our instruction. मेरा जो समय है, वह तो उपाध्यक्ष महोदय, ये लोग बीच बीच में बोल कर खराब कर रहे हैं। मैं जो कह रहा हूं उसको ये सुनना ही नहीं चाहते। (ाोर) इनको सुनने में तकलीफ हो रही है। (ाोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी भोर सिंह जी को इस सदन से माफी मांगली चाहिये। (ाोर) इन के हल्के के साथ लगते क्षेत्र के विधायक कह रहे हैं कि वह गांव भोर सिंह जी के हल्के में पड़ता है। (ाोर)

चौधरी भोर सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, राम बिलास जी क्या कह रहे हैं? मुझे किस बात पर माफी मांगनी चाहिये? (ाोर) जो राम बिलास जी कह रहे हैं, वह ठीक नहीं है। (ाोर)

प्रो0 राम बिलास भार्माः उपाध्यक्ष महोदय, उस हल्के का विधायक बता रहा है कि वह ठीक है। (ाोर)

चौधरी भोर सिंहः राम बिलास जी, वह गांव उनके हल्के में नहीं है मेरे हल्के में है। (ाोर)

प्रो0 राम बिलास भार्माः उपाध्यक्ष महोदय, यह उनके पड़ौस में है। ये वहां पर मौजूद थे। (ाोर)

चौधरी भोर सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, राम बिलास जी तो यह चाहते हैं कि इस केस को उछाल कर ऐसी स्थिति पैदा कर दी जाए ताकि दो बिरादरियों का आपस में झगड़ा हो जाए। उपाध्यक्ष महोदय, यह इंडीविजुअलज का झगड़ा है। यह दंगे फिसाद करवा कर के साम्प्रदायिकता का जहर फैलाना चाहते हैं। (ाोर एवं व्यवधान) इनकी और कोई मन ाा नहीं है।

प्रो0 राम बिलास भार्माः उपाध्यक्ष महोदय, अगर हरियाणा में कहीं पर भी कोई अन्याय होगा तो हम उस को जरूर कहेंगे चाहे उससे किसी को भी तकलीफ हो।

उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण में फरमाया कि इस बार हम साक्षरता अभियान चला रहे हैं। अच्छी

बात है परन्तु प्रौढ़ ि ाक्षा के चार हजार कर्मचारी जोकि पिछले दो सालों से बेरोजगार हैं उनकी भी सरकार को कोई चिन्ता करनी चाहिये। वे लोग पीछे मुख्य मन्त्री महोदय व बहन भाान्ति राठी जी से भी मिले थे। यानी एक तरफ तो नये विद्यालय सरकार द्वारा खोले जा रहे हैं और उनमें कंडेंस कोर्स करवाए जा रहे हैं। नये लोगों को साक्षरता के लिये रखा जा रहा है और दूसरी तरफ वे लोग हैं जोकि 19–19 व 15–15 सालों से नौकरी में थे और वे ओवरएज भी हो चुके हैं लेकिन वे अब खाली अपने अपने घरों में बैठे हैं। उनकी सरकार को चिन्ता करनी चाहिये। यदि सरकार का साक्षरता में नये लोगों को लेने का कोई अभियान है तो सरकार बिना किसी जिद के उन प्रौढ़ ि ाक्षकों को भी उसमें लगाये जोकि बहुत सालों से बेकार बैठे हैं। (घण्टी)

उपाध्यक्ष महोदय, एक बात मैं यहां पर कहना चाहता हूं कि इस बार रोहतक के अन्दर एक कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य मन्त्री महोदय भी गये और किसानों को कुछ अच्छी बातें भी बतायी गई लेकिन मैं एक बात बताना चाहता हूं कि इस बार किसानों के साथ सूरजमुखी बीज के सिलसिले में बड़ी ज्यादती हुई है। ट्रकों के ट्रक गायब कर दिये गये। पता नहीं यह सब कैसे हो गया? उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा का किसान इतना बुद्धिजीवी और सियाना है कि चीज की जरूरत के मुताबिक फसल बोता है। उपाध्यक्ष महोदय, यह जो सूरजमुखी का बीज है, यह पिछले दो तीन सालों से हरियाणा के अन्दर चर्चा का विशय

बना हुआ है। हजारों टन की चारों ओर सूरजमुखी की पैदावार थी परन्तु फिर समय के ऊपर किसानों को बीज की सप्लाई नहीं की गयी। जो बीज हरियाणा के किसानों के नाम का आता है, वह ठीक समय से पहले ही दूसरे प्रान्तों में चला जाता है और हमारे प्रदे ा का किसान वंचित रहता है। मेरा यह कहना है कि किसानों को उपदे ा देने की बजाये उन्हें समय पर बीज की सप्लाई सरकार द्वारा हो तो बेहतर है। (ाोर)

